इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति "।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव




वर्ष- 44 | अंक - 262 | राजनांदगांव, शनिवार 09 अगस्त 2025 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए




## पाठकों को बधाई...



रक्षाबंधन पर्व पर समस्त सुधि पाठकों एवं विज्ञापनदाताओं, अभिकर्ताओं को हार्दिक शुभकामनाएं।

– सम्पादक

## आज अवकाश

रक्षाबंधन के उपलक्ष्य में आज 09 अगस्त को दैनिक 'दावा' कार्यालय में अवकाश रहेगा। पाठकों को अगला अंक 11 अगस्त 2025 को प्राप्त होगा।

– व्यवस्थापक

# पूरे देश में वोटों की चोरी हो रही है और संविधान पर हमला करने वाले नहीं बचेंगे.बीजेपी की विचारधारा ही संविधान के खिलाफ है- राहुल गांधी

### वोट चोरी पर एटम बम के बाद अब राहुल गांधी की बेंगलुरु मे रैली, चुनाव आयोग को दी नई चुनौती

बेंगलुरु। लोकसभा में नेता विपक्ष और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने चुनाव में वोट चोरी का एटम बम फोड़ने के दूसरे दिन बेंगलुरु में चुनाव आयोग और बीजेपी पर जमकर हमला बोला.राहुल गांधी ने वोट चोरी को संविधान के साथ धोखा बताया. शुक्रवार को बेंगलुरु की कांग्रेस रैली में राहुल गांधी ने महाराष्ट्र, हरियाणा और कर्नाटक के चुनाव में गड़बड़ियों के अपने आरोपों को दोहराया. उन्होंने कहा कि पूरे देश में वोटों की चोरी हो रही है और संविधान पर हमला करने वाले नहीं बचेंगे. सच को छिपाया नहीं जा सकता. बीजेपी की विचारधारा ही संविधान के खिलाफ है, लेकिन हम संविधान को बचाएंगे.




राहुल ने कहा कि चुनाव आयोग को जवाब देना होगा कि ये गड़बड़ियां क्यों और किसने कीं. सेंट्रल बेंगलुरु की महादेवपुरा सीट पर वोट पर वोटों की चोरी का मुद्दा राहुल ने दोबारा उठाया. उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन के वोट कम नहीं हुए, उसे लोकसभा चुनाव जितने ही वोट मिले थे.लेकिन महाराष्ट विधानसभा चुनाव में एक करोड़ नए मतदाताओं ने मताधिकार का इस्तेमाल किया. इन एक करोड़ लोगों ने लोकसभा चुनाव में वोट नहीं दिया था. लोकसभा चुनाव में विपक्षी गठबंधन जीता, लेकिन चार महीने बाद बीजेपी ने विधानसभा चुनाव में जीत हासिल कर ली. चुनाव आयोग (शेष पृष्ठ 7 पर...)

### कैलाश विजयवर्गीय का राहुल गांधी पर हमला, बोले- प्रजातंत्र का उड़ाना चाहते हैं मजाक



अपने बयानो से हमेशा सुर्खियां बटोरने वाले बीजेपी नेता और कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने राहुल गांधी पर एक बार फिर विवादित बयान दे दिया है. उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है और उन्हें जांच करवानी चाहिए. विजयवर्गीय ने ये भी कहा कि राहुल गांधी संवैधानिक संस्थाओं पर आरोप लगाकर उन्हें बदनाम करना चाहते हैं. दरअसल, रक्षाबंधन के अवसर पर कैलाश विजयवर्गीय हर साल की तरह परदेशीपुरा स्थित वृद्धाश्रम पर राखी का त्यौहार वृद्धाश्रम में रह रहे बुजुर्गों के साथ मनाने गए थे. वहीं मीडिया से बात करते हुए उन्होंने नेता प्रतिपक्ष राहुल (शेष पृष्ठ 7 पर...)

# शपथ पत्र पर हस्ताक्षर करें या फिर देश से माफी मांगें राहुल गांधी

**राहुल को चुनाव आयोग की दो टूक**

नई दिल्ली। कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के आरोपों पर चुनाव आयोग ने पलटवार किया है। राहुल ने बीते दिन चुनाव आयोग पर वोट चोरी और भाजपा से मिलीभगत का आरोप लगाया था। इस पर चुनाव आयोग के सूत्रों ने कहा कि अगर कांग्रेस सांसद और विपक्ष के नेता अपने विश्लेषण पर विश्वास करते हैं और मानते हैं कि चुनाव आयोग पर उनके आरोप सही हैं, तो उन्हें शपथ पत्र पर हस्ताक्षर करने में कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए। अगर राहुल ऐसा नहीं करते हैं, तो इसका मतलब होगा कि उन्हें अपने विश्लेषण, निष्कर्षों और बेतुके आरोपों पर विश्वास नहीं है। ऐसी स्थिति में उन्हें देश से माफी मांगनी चाहिए। इसलिए उनके पास दो विकल्प हैं- या तो घोषणापत्र पर हस्ताक्षर करें या चुनाव आयोग पर बेतुके आरोप लगाने के लिए देश से माफी मांगें। इससे पहले कर्नाटक विधानसभा क्षेत्र में मतदाता सूची में हेराफेरी के राहुल के आरोपों का संज्ञान लेते हुए राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने उन्हें शपथ-पत्र देकर सबूत पेश करने को कहा था। इसके अलावा 2024 के महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में (शेष पृष्ठ 7 पर...)

# पीएम नरेन्द्र मोदी ने की रूस के राष्ट्रपति से बात, द्विपक्षीय सम्मेलन में भारत आने का दिया न्योता

नई दिल्ली। रूस से तेल खरीदने पर अमेरिका की ओर से लगाए गए 50 फीसदी टैरिफ को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने शुक्रवार को फोन पर बात की। इस दौरान पुतिन ने पीएम मोदी को यूक्रेन युद्ध को लेकर जानकारी दी। पीएम मोदी ने संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान के लिए भारत के रुख को दोहराया। दोनों नेताओं ने भारत-रूस साझेदारी को मजबूत करने पर भी बात की। वहीं पीएम मोदी ने रूस के राष्ट्रपति पुतिन को इस साल के अंत में वार्षिक द्विपक्षीय शिखर सम्मेलन में भारत आने का न्योता दिया। यह बातचीत इसलिए भी अहम है, क्योंकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूस से तेल खरीदने पर 50 फीसदी टैरिफ लगाकर भारत पर दबाव बनाने की कोशिश की है। पीएम नरेंद्र मोदी ने एक्स पर लिखा कि मेरे मित्र राष्ट्रपति पुतिन के साथ बहुत अच्छी और विस्तृत बातचीत हुई। मैंने यूक्रेन पर नवीनतम घटनाक्रम साझा करने के लिए उनका धन्यवाद किया। हमने अपने द्विपक्षीय एजेंडे में प्रगति की भी समीक्षा की और भारत-रूस विशेष एवं विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी को और गहरा करने की प्रतिबद्धता दोहराई। मैं इस वर्ष के अंत में भारत में राष्ट्रपति पुतिन की मेजबानी करने के लिए उत्सुक हूं। पीएम नरेंद्र मोदी और रूसी राष्ट्रपति पुतिन के बीच बातचीत ऐसे वक्त में हुई जब भारत के राष्ट्रीय (शेष पृष्ठ 7 पर...)



# मुख्यमंत्री श्री साय ने रक्षाबंधन पर प्रदेशवासियों को दी शुभकामनाएं


रायपुर (दावा)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रक्षाबंधन पर्व के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने सभी नागरिकों के सुख, समृद्धि और परस्पर सौहार्द्र की मंगलकामना करते हुए कहा कि यह पर्व भाई-बहन के रिश्ते की आत्मीयता, समर्पण और सुरक्षा के संकल्प का प्रतीक है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि रक्षाबंधन का त्यौहार भारतीय संस्कृति की समृद्ध परंपरा को दर्शाता है, जिसमें बहनें अपने भाई की दीर्घायु, सुख-समृद्धि और सुरक्षा के लिए रक्षा-सूत्र बांधती हैं, वहीं भाई भी बहनों की रक्षा और सम्मान का संकल्प लेते हैं। रक्षाबंधन पारिवारिक और सामाजिक रिश्तों को सशक्त करने वाला पर्व है। उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन केवल एक पारंपरिक त्यौहार नहीं है, बल्कि यह आपसी विश्वास, प्रेम, करुणा और दायित्वबोध (शेष पृष्ठ 7 पर...)



# अनवर से मिलने गए बेटे शोएब ढेबर का जेल में उत्पात, मुलाकात पर लगाया 3 माह का बैन

रायपुर। शराब और कस्टम मिलिंग घोटाले में जेल भेजे गए अनवर ढेबर से मिलने गए पुत्र शोएब ढेबर पर कैदियों और बंदियों से मुलाकात करने पर 3 महीने के लिए रोक लगाई गई है। जेल अधीक्षक योगेश क्षत्री द्वारा इसका आदेश जारी किया गया है। इसमें बताया गया है कि जेल अधिकारियों की अनुमति के बिना शोएब ने जबरदस्ती मुलाकात कक्ष में प्रवेश कर शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न की। (शेष पृष्ठ 7 पर...)

# अमित शाह बोले- घुसपैठियों को एसआईआर से बचा बिहारियों की नौकरी खाएगी लालू एंड कंपनी, राहुल गांधी को भी घेरा



**अमित शाह ने भव्य जानकी मंदिर का किया शिलान्यास, अमृत भारत ट्रेन की दी सौगात**

सीतामड़ी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शुक्रवार को बिहार के सीतामढ़ी में माता जानकी मंदिर का भूमिपूजन किया। सीएम नीतीश कुमार शिलान्यास व भूमि पूजन में उनके साथ रहे। शाह ने सीतामढ़ी से अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन को भी हरी झंडी दिखाई। इस दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह लालू प्रसाद पर जमकर बरसे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी और लालू लालू एंड कंपनी पार्लियामेंट में ऑपरेशन सिंदूर का विरोध कर रही है। मैं पूछने आया हूं मिथिलांचल वालों से कि मोदी जी को आतंकवादी को जवाब देना चाहिए या नहीं चाहिए? ऑपरेशन सिंदूर करना चाहिए या नहीं चाहिए? लालू एंड कंपनी को मालूम नहीं है कि नरेंद्र मोदी की सरकार है, भारतीय जनता पार्टी और एनडीए की सरकार है। यहां पर देश की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करने का किसी को अधिकार नहीं है।

### राहुल गांधी को दी नसीहत

इतना ही नहीं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राहुल गांधी पर भी जमकर बोला। उन्होंने कहा कि राहुल जी, बंद कीजिए वोट बैंकों की राजनीति। मतदाता पुनरीक्षण पहली बार नहीं हो रहा। आपके परनाना नेहरु जी ने पहली बार किया था। 2003 अंतिम बार हुआ था। पहले से ही बिहार चुनाव हारने का बहाना तैयार कर रहे हैं।

### गुंडई और अपहरण-फिरौती के अलावा और क्या किया

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लालू प्रसाद यादव के बाद तेजस्वी यादव पर भी जमकर भड़ास निकाली। उन्होंने कहा कि मैं आज यहां तेजस्वी यादव से पूछने आया हूं कि आपके पिताजी और माताजी का कई साल शासन रहा। गुंडई करने और अपहरण-फिरौती के अलावा मिथिलांचल के विकास के लिए दोनों ने क्या किया? मैंने तो मोदीजी की ओर से अपने पाई-पाई का हिसाब दे दिया है। अगर उन दोनों ने कुछ किया हो तो यहीं मैदान में आकर जवाब दीजिए। यहां आने के बाद मां जानकी का आशीर्वाद भी लेलीजिएगा, आपका उद्धार होगा।

# केंद्र सरकार ने लोकसभा से वापस लिया आयकर विधेयक, प्रवर समिति की रिपोर्ट के बाद फैसला

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने लोकसभा से आयकर विधेयक 2025 को वापस ले लिया है। विधेयक की जांच के लिए बनी प्रवर समिति की रिपोर्ट के बाद यह फैसला लिया गया। इस विधेयक को फरवरी में लोकसभा में पेश किया गया था। बताया जा रहा है कि नया विधेयक 11 अगस्त को लोकसभा में पेश किया जाएगा।



केंद्र सरकार ने आयकर विधेयक 2025 को 13 फरवरी 2025 को लोकसभा में पेश किया था। विधेयक की जांच के लिए भाजपा सांसद बैजयंत पांडा की अध्यक्षता में 31 सदस्यीय प्रवर समिति बनाई गई थी। समिति ने विधेयक की जांच की और 285 सुझाव दिए थे। समिति ने 21 जुलाई 2025 को अपनी रिपोर्ट लोकसभा में प्रस्तुत कर दी। केंद्र सरकार ने प्रवर समिति की लगभग सभी सिफारिशें सरकार द्वारा स्वीकार कर ली हैं। कुछ सुझाव भी प्राप्त हुए हैं जिन्हें सही विधायी अर्थ प्रदान करने के लिए शामिल करने की आवश्यकता है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को लोकसभा में आयकर विधेयक, 2025 वापस ले लिया। उन्होंने कहा कि सरकार प्रवर समिति की ओर से सुझाए गए बदलावों को शामिल करने के बाद विधेयक को नए रूप में लेकर आएगी। बताया जा रहा है कि विधेयक का नया संस्करण 11 अगस्त को लोकसभा में पेश किया जाएगा। सूत्रों के हवाले से समाचार एजेंसी पीटीआई ने बताया कि विधेयक के विभिन्न (शेष पृष्ठ 7 पर...)

# 1962 के युद्ध को लेकर केंद्र का जवाब, कहा- चीन ने किया था 38 हजार वर्ग किमी भारतीय जमीन पर कब्जा

नई दिल्ली। 1962 में हुए भारत-चीन युद्ध को लेकर केंद्र सरकार ने संसद में शुक्रवार को बड़ा दावा किया। केंद्र सरकार ने कहा कि 1962 के भारत-चीन युद्ध के बाद चीन ने लगभग 38,000 वर्ग किमी भारतीय क्षेत्र पर अवैध कब्जा कर रखा था। लोकसभा में एक प्रश्न के जवाब में विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में चीन के साथ द्विपक्षीय स्तर पर कई पहल की गई हैं।



लोकसभा में एक प्रश्न में विदेश मंत्रालय से पूछा गया था कि क्या भारत सरकार के पास 1962 के भारत-चीन युद्ध के दौरान चीन द्वारा कब्जाए गए क्षेत्रों के बारे में कोई डाटा है? क्या 1962 के बाद से चीन के साथ युद्ध के दौरान खोए गए क्षेत्रों को पुनः प्राप्त करने के लिए कोई कूटनीतिक प्रयास या पहल की गई है और उपर्युक्त वार्ता किस हद तक आगे बढ़ी है?

इस पर विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने कहा कि 1962 के युद्ध के अंत में चीन ने लगभग 38000 वर्ग किलोमीटर भारतीय क्षेत्र पर अवैध कब्जा कर रखा था। जून 1981 में चीनी विदेश मंत्री हुआंग हुआ की नई दिल्ली यात्रा के बाद भारत और चीन ने दिसंबर 1981 से नवंबर 1987 तक सचिव स्तर पर औपचारिक सीमा वार्ता के आठ दौर आयोजित किए। तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी की 19-23 दिसंबर, 1988 की चीन की आधिकारिक यात्रा के दौरान दोनों पक्षों ने सीमा विवाद पर भारत-चीन संयुक्त कार्य समूह के गठन की घोषणा की। संयुक्त कार्य समूहों की बैठक हुई। (शेष पृष्ठ 7 पर...)


# शिक्षा, नवाचार, कौशल विकास का नया युग: छत्तीसगढ़ शासन, आईआईएम, एनआईटी, ओसवाल फाउंडेशन में त्रिपक्षीय एमओयू

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में शुक्रवार को छत्तीसगढ़ में शिक्षा, कौशल विकास और नवाचार के क्षेत्र में एक नए युग की शुरुआत हुई। यह कार्यक्रम राजधानी स्थित पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम में सीएम साय छत्तीसगढ़ शासन, भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) रायपुर, राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) रायपुर और मोतीलाल ओसवाल फाउंडेशन के मध्य हुए त्रिपक्षीय एमओयू पर हस्ताक्षर के साक्षी बने। इस समझौते के अंतर्गत स्थापित होने वाले उद्यमिता केंद्र का निर्माण वर्ष 2025-26 में प्रारंभ होगा तथा इसे वर्ष 2027-28 तक पूर्ण रूप से क्रियाशील करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।




### गांव-गांव तक पहुंचेगी शिक्षा, कौशल और नवाचार की क्रांति- मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस अवसर पर कहा कि, हस्ताक्षरित एमओयू से छत्तीसगढ़ अंजोर विजन को साकार करने में महत्वपूर्ण सहायता प्राप्त होगी। इस साझेदारी से प्रदेश में गांव-गांव तक शिक्षा, कौशल विकास और नवाचार की क्रांति पहुंचेगी, जो युवाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि, इस त्रिपक्षीय समझौते के तहत मिथिलेश अग्रवाल नवाचार एवं उद्यमिता उत्कृष्टता केंद की स्थापना की जाएगी, जो युवाओं को शोध, प्रयोग और उद्यमिता के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने का कार्य करेगा। उन्होंने यह भी कहा कि, यह उत्कृष्टता केंद्र केवल आईआईएम या एनआईटी के विद्यार्थियों तक सीमित न रहे, बल्कि गांव-गांव के युवाओं को भी लाभान्वित करे। मुख्यमंत्री ने उद्योग जगत से भी इस शिक्षा और कौशल विकास के आंदोलन से जुड़ने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री साय ने आगे कहा कि, छत्तीसगढ़ अब कोर सेक्टर के साथ-साथ सेमीकंडक्टर, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, फार्मा, डिफेंस, एयरोस्पेस और ग्रीन हाइड्रोजन जैसे अत्याधुनिक क्षेत्रों में तेज़ी से अग्रसर हो रहा है। बीते 20 महीनों में किए गए साढ़े तीन सौ से अधिक सुधारों के परिणामस्वरूप राज्य में निवेश का अनुकूल वातावरण निर्मित हुआ है और केवल आठ माह में 6.75 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश (शेष पृष्ठ 7 पर...)



# पहला कॉलम...

## सेवा सहकारी मर्यादित रानीतरई के प्राधिकृत अध्यक्ष हटाये गये- वैष्णव



राजनांदगाव (दावा)। सेवा सहकारी मर्यादित रानीतरई के प्राधिकृत अध्यक्ष एवं सांसद प्रतिनिधि पूर्व सभापति भाजपा नेता विवेक साहू फर्जी तरीके से अध्यक्ष बने थे। जिसकी शिकायत लेकर पूर्व जनपद सदस्य एवं महामंत्री जिला किसान कांग्रेस राजनांदगांव ने लिखित शिकायत उप पंजीयन राजनांदगांव को 10 जून 2025 की थी। जिसकी जांच अधिकारी अभय कापरे ने जिसमें नियम अनुसार विवेक साहू सन् 2017 कोई लेनदेन सोसाइटी नहीं करता था तथा शपथ पत्र भी फर्जी पाया गया, इस कारण पद से पृथक किया गया। उप पंजीयन राजनांदगांव एन.एल. टंडन ने सेवा सहकारी मर्यादित रानीतरई के प्राधिकृत अधिकारी सहकारिता निरीक्षक सुश्री अनिता नंदे को नियुक्त किया गया है।

## वाईडनर कप फुटबॉल स्पर्धा का शुभारंभ



राजनांदगांव (दावा)। नगर की गौरवशाली शिक्षण संस्था वाईडनर स्कूल द्वारा आयोजित वाईडनर कप फुटबॉल स्पर्धा का शुभारंभ शाला के मैनेजर फादर जोसेफ राज और प्राचार्य फादर टी अमलासीलन के करकमलों के द्वारा किया गया। स्पर्धा का उदघाटन मैच नीरज बाजपाई इंटरनेशनल स्कूल विरुद्ध वेसलियन स्कूल के मध्य खेला गया। मैच के शुरुआत के पहले मिनट में ही नीरज बाजपाई इंटरनेशनल स्कूल ने टीम के लिए पहला गोल दागा। उसके बाद 6वे मिनट में ही दूसरा गोल दाग कर पहले हॉफ तक 2 गोल से टीम को बढ़त दिलाई अंत में नीरज बाजपाई इंटरनेशनल स्कूल ने यह मैच 0 गोल के मुकाबले 5 गोल से जीत दर्ज कर अगले दौर में प्रवेश किया। नीरज बाजपाई इंटरनेशनल स्कूल की और से श्रेयांश श्रीवास्तव ने 3, सागर श्रीवास्तव ने 1 और मोहम्मद जैद ने 1 गोल किया। इस उद्घाटन मैच के निर्णायक हिमांशु, कृष्णा और दुष्यंत थे। यह जानकारी स्पर्धा के संयोजक डेनियल फ्रांसिस ने दी।

## आज मलपुरी में विश्व आदिवासी दिवस

हरदी (दावा)। आदिवासी ध्रुव गोड़ समाज परिक्षेत्र ग्राम मलपुरी (सुरगी) में आज 9 अगस्त शनिवार को विश्व आदिवासी दिवस मनाया जाएगा उक्त जानकारी देते हुए अध्यक्ष प्रहलाद सिंह उइके ने आदिवासी समाज के सभी जन मानस को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपिल की है।

## आईटीआई में अप्रेंटिसशिप मेला 11 को

राजनांदगांव (दावा)। राष्ट्रीय शिक्षुता संवर्धन योजना (एनएपीएस) अंतर्गत शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था राजनांदगांव में 11 अगस्त को सुबह 9 बजे से अप्रेंटिसशिप मेला का आयोजन किया गया है। अप्रेंटिसशिप मेला में विभिन्न प्रतिष्ठानों को अप्रेंटिसशिप एवं प्लेसमेंट हेतु आमंत्रित किया गया है। शासकीय एवं निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं से आईटीआई उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थी अपने समस्त शैक्षणिक तथा आवश्यक प्रमाण पत्र के साथ अप्रेंटिसशिप मेला में शामिल हो सकते है।

## राजपूत महासभा की बैठक 10 को

राजनांदगांव (दावा)( राजपूत क्षत्रिय महासभा निर्णायक की एक महत्वपूर्ण बैठक 10 अगस्त रविवार को बुलाई गई है। यह बैठक दोपहर 12 बजे से बिलासपुर में महाराणा प्रताप सांस्कृतिक भवन, अरविंद नगर, बंधवापारा, सरकंडा में आयोजित होगी। महासभा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेंद्र सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक का आतिथ्य उपसमिति बिलासपुर करेगी।

## भजन मानस मंडल की कल बैठक

राजनांदगांव (दावा)। जिला संयुक्त सेवा भजन मानस मंडल की पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी की बैठक कल 10 अगस्त रविवार को स्थानीय शिव मंदिर सारथी पारा में दोपहर 2 बजे रखा गया है। उक्त बैठक में आगामी 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस राष्ट्रीय पर्व मनाने पर विचार कर चर्चा एवं निर्णय लिया जावेगा। संघ के संगठन सचिव मोहन लाल सेन एवं संघ के सचिव अशोक सारथी ने समस्त मंडलियों के उस्ताद एवं सदस्यों से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में उपस्थित होकर बैठक को सफल बनायें।

## उत्तम कोसरिया का निधन



राजनांदगांव (दावा)। वार्ड क्रमांक 39, बुथ ऋमांक 119 के बूथ अध्यक्ष उत्तम कोसरिया पिता लतखोर कोसारिया का आज प्रातः आकस्मिक निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा आज 12 बजे को उनके निवास स्थान ढीमरपारा से मुक्तिधाम के लिए निकलेगी।

SILVER SCREEN MULTIPLEX
08th Aug to 13th Aug 2025



Andaaz 2 - 12:15, 03:15 & 09:15 pm
Zora - 06:15 pm
Son Of Sardaar 2 -09:00 pm
Dhadak 2 - 06:00 pm
Mahavatar Narsimha (Hindi 2D) - 12:30, 03:30, 06:30 and 09:30 pm
Saiyaara - 12:00 and 03:00 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G)
Only For Enquiry 8085600200

श्री कृष्णा (एयरकुल) में
रोजाना 4 खेल
सुपरहिट
सैयारा
अहान पांडे, अनिता पड्डा, वरूण बडोला, आलम खान





ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

# रक्षाबंधनत्न आज रक्षा सूत्र से सजेगी भाइयों की कलाईयां

### भाई-बहन के पवित्र प्रेम व स्नेह बंधन की बिखरेगी छटा, रक्षा सूत्र बंधन के लिए दिन भर रहेगा शुभ मुहूर्त

राजनांदगांव (दावा)। श्रावण मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा को आज रक्षाबंधन का त्योहार पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। भाई- बहन के इस पवित्र प्रेम और स्नेह बंधन के प्रतीक पर्व की छटा आज चहुंओर देखने को मिलेगी। बहनों ने अपने भाईयों को राखी बांधने के लिए बाजार से एक से बढ़कर एक आकर्षक राखियां खरीद लाई है। साथ ही मुंह मीठा करने के लिए स्वादिष्ट मिठाई व अपने भाई को उपहार देने के लिए बढ़िया गिफ्ट आइटम की भी खरीदी की है। बता दें कि रक्षाबंधन पर्व को लेकर शहर का बाजार पिछले सप्ताह भर से गुलजार बना हुआ है। रंग-बिरंगी राखियों से सजे इन राखी दुकानों में खासी भीड़ देखी गई। जहां बहनों ने अपनी मनपसंद राखियां खरीदी। इस बार एंडी व स्टोन वाली राखियां खूब बिकी। पर्व को देखते हुए बाजार में मिठाइयो की भी खासी मांग देखी गई। शहर के एक मिष्ठान भंडार में तो मिठाईया लेने लोगों की कतारें रही। इसी तरह मौसमी फल केला सेव अंगुर आदि का खासा मां बना हुआ हैं। नारियल महंगा होने के बाद भी पवित्र एवं शुभ फल होने के कारण इसकी लिवाली में कमी नहीं आई है।



#### इन मुहुर्तो में सजेगी भाइयों की कलाईया

हालांकि कहा जा रहा है कि पर्व में भद्रा की छाया रहेगी लेकिन वह नही के बराबर है। शहर के युवा ज्योतिषी दिवाकर बाजपेई ने बताया कि आज शनिवार को रक्षाबंधन का शुभ मुहूर्त अल्ल सुबह 4 बजे से शुरू हो जाएगा। ब्रह्म मुहुर्त सुबह 4:22 बजे से प्रारंभ होकर 5:05 बजे तक रहेगा। उसके बाद अभिजीत मुहूर्त 12 बजे से लेकर 12:56 बजे तक रहेगा। सर्वार्थ सिद्धि योग सुबह 5:45 बजे से लेकर 2:30 तक तत्पश्चात विजय मुहुर्त 2 बजे से लेकर 3 ≈ 53 तक रहेगा। इन शुभ मुहूर्तो के बीच बहना अपने भाईयों की कलाईयां सजाएंगी और मन ही मन गा उठेंगी बहना ने भाई की कलाई में प्यार बांधा है। प्यार की डोर में संसार बांधा है।

#### पर्व को लेकर बहनों में बना हुआ खासा उत्साह

ज्ञात हो कि सावन महीने की पूर्णिमा तिथि को मनाए जाने वाले रक्षाबंधन पर्व को लेकर बहनो में काफी उत्साह बना हुआ है। बहने आज शुभ मुहूर्त में अपने भाईयो की कलाइयों को बड़े प्रेम से सजाएंगी। आरती की थाल सजाकर भाई के माथे पर तिलक चंदन लगाया जाएगा। उनकी आरती उतारी जाएगी और उनके हाथों में पवित्र समझे जाने वाले श्रीफल नारियल थमाया जाएगा और बड़े प्रेम से उनके हाथों में रक्षा सूत्र बांधते हुए उनका मुंह मीठा कराया जाएगा। इस दौरान कही दूर यह फ़िल्मी गीत बज उठेगा... मेरे भैया...मेरे चंदा, मेरे अनमोल रत्न,, तेरे बदले, जमाने की कोई चीज न लूं...भाई अपने बहन के इस पवित्र प्रेम की भावना में आसपास खड़े घर-परिवार वाले भी बह जाएंगे और माहौल बड़े ही आत्मीयता पूर्ण बन उठेगा।

#### श्रावणी पूर्णिमा में नदी-सरोवरों में स्नान-ध्यान

विद्वानों की मानें तो आज श्रावण मास की पूर्णिमा के दिन जिसे श्रावणी पूर्णिमा कहा जाता है इस दिन इस सृष्टि का प्रादुर्भाव हुआ था। शेष सैंया में लेटे भगवान विष्णु को एक अकेले रहना नहीं भाया और एकोह्म बहुश्याम की स्फुरणा करते हुए एक से अनेक होते चले गए। धरती में बिखरी चारों ओर की हरीतिमा मानव मन को इसी तरह की भावना से भर देता है और वह हरियर- फरियर मन से श्रावणी का पर्व मनाने को उत्सुक होता है। इस दिन नदी- सरोवरों में पवित्र स्नान का विशेष महत्व है। दान-पूण्य के कार्य भी किए जाते हैं। चूंकि पौराणिक काल में घटी घटना आसूरी शक्तियों पर विजय के इंद्र के हाथों बांधे गए मंत्रपूरित रक्षा सूत्र, भगवान वामन द्वारा राजा बलि को बांधे गए रक्षा सूत्र व महाभारत काल द्रोपदी द्वारा अपनी रक्षा के लिए पुकारे जाने वाले भगवान श्री कृष्ण प्रसंग सहित रक्षाबंधन के कई प्रसंग जुड़े हुए हैं उनके आलोक में यह पर्व बहनों द्वारा भाईयों से अपनी रक्षा की कामना से यह श्रावणी पूर्णिमा के दिन मनाया जाता है। आज भाई-बहनों के इस पवित्र प्रेम व स्नेह बंधन के प्रतीक पर्व की छटा चहुंओर देखने को मिलेगी। घर परिवार में हंसी-खुशी एवं उल्लास का वातावरण बना रहेगा।

## केवल त्यौहार नहीं हमारी संस्कृति है - डॉ. रचना पाण्डेय



राजनांदगांव (दावा)। कॉन्फ्लुएस कॉलेज में राखी निर्माण कार्यशाला का आयोजन महाविद्यालय की एन.एस.एस., प्रैक्टिस सेल, आई.क्यू.ए.सी. एवं ईको क्लब के संयुक्त तत्वाधान में बी.एड के छात्रध्यापकों द्वारा आयोजित किया गया। प्रभारी प्रीति इंदौरकर एवं दिव्या श्रीवास्तव ने सभी छात्रध्यापकों को राखी निर्माण की नवीनतम तकनीक से अवगत कराया। प्रो. विजय मानिकपुरी कार्यक्रम अधिकारी एन.एस.एस ने कहा कि रक्षाबंधन भाई-बहन के अटूट प्रेम का प्रतीक है। यहां पर वह कई पौराणिक कथाओं से भी जुड़ा हुआ है। इस कार्यशाला में विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक सुंदर से सुंदरतम राखियों का निर्माण किया है। छात्रों ने राखी निर्माण करके अपने अटूट श्रद्धा और विश्वास एवं भाई-बहन के प्रेम के प्रति कौशल भी विकसित किया और स्वदेशी राखी का निर्माण किया। प्राचार्य डॉ. रचना पांडे ने कहा कि रक्षाबंधन के पावन अवसर पर कॉलेज में उत्साह व रचनात्मक माहौल के बीच छात्र राखी बना रहे हैं और उत्साह पूर्वक भाग लेकर अपनी कला का अद्भुत प्रदर्शन कर रहे हैं यह त्यौहार हमें भाई-बहन के रिश्तों के महत्व और पारिवारिक मूल्यों की याद दिलाता है। महाविद्यालय में आयोजित कार्यशाला में लगभग 70 विद्यार्थियों ने सहभागिता प्रादान किया। मुख्य आकर्षण का केंद्र यह है कि रक्षाबंधन के इस पावन पर्व पर कार्यशाला में वेस्ट से बेस्ट राखी बनाने पर जोर दिया जा रहा है।

## छग में सर्वाधिक सफल तिरंगा यात्रा होगी - पारख



मोर तिरंगा मोर अभियान को भाजपा बूथ स्तर पर चलाएगी - नीलू शर्मा

राजनांदगांव (दावा)। भाजपा के राष्ट्रीय व प्रदेश नेतृत्व द्वारा हर घर तिरंगा अभियान के तहत छत्तीसगढ़ में भी आगामी 10 अगस्त से 14 अगस्त तक मोर तिरंगा मोर अभियान कार्यक्रम किया जा रहा है जिसके तैयारी के संबंध में आज 8 अगस्त को जिला भाजपा कार्यालय में बैठक आहूत की गई। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में वरिष्ठ भाजपा नेता खूबचंद पारख, प्रदेश अभियान प्रभारी नीलू शर्मा, जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत एवं तिरंगा अभियान के जिला संयोजक मूलचंद लोधी की उपस्थिति में संपन्न हुई।

मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार मोर तिरंगा मोर अभियान कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए मुख्य वक्ता खूबचंद पारख ने बताया कि हर घर तिरंगा अभियान आजादी के अमृत महोत्सव से प्रारंभ होकर लगातार चल रहा है। इसी तारतम्य में छत्तीसगढ़ में भी जिला वह मंडल स्तर पर टीम बनाकर कार्यशाला आयोजित की जा रही है। श्री पारख ने कहा कि आज सिंदूर अभियान के पश्चात भारत की जनता में देश के प्रति समर्पण की भावना जागृत हुई है। जिसके कारण छत्तीसगढ़ में तिरंगा यात्रा सर्वाधिक सफलता की ओर अग्रसर होगी। उन्होंने कहा कि आज छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव साय सरकार किसानों युवाओं महिलाओं को प्रत्येक क्षेत्र में बेहतर अवसर प्रदान कर रही है। जिसके फलस्वरूप छत्तीसगढ़ खुशहाली की ओर अग्रसर है। इसके पूर्व तिरंगा यात्रा के प्रदेश संयोजक एवं पर्यटन मंडल के अध्यक्ष नीलू शर्मा ने कहा कि तिरंगा न केवल भारत का राष्ट्रध्वज है। अपितु समस्त देशवासियों का अभियान भी है। इसी तिरंगे की रक्षा के लिए न जाने कितने राष्ट्रभक्त स्वतंत्रता सेनानियों ने अपने प्राणों का बलिदान दिया था। पहले केवल 15 अगस्त और 26 जनवरी को ही देश में तिरंगा फहराया जाता था, परंतु देश के प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेंद्र मोदी ने तिरंगे के प्रति स्वाभिमान की भावना को जगाने के उद्देश्य से इसे एक अभियान का रूप देकर भाजपा के माध्यम से जन-जन तक तिरंगे को पहुंचाने का लक्ष्य बनाया।

नीलू शर्मा ने कहा की कांग्रेस ने देश के कई शूरवीरों के इतिहास को अध्यायों पन्नों से हटा दिया। उन्होंने कहा कि मोदी जी ऐसे लोगों को देश के सामने लाकर उनके सम्मान में कार्यक्रम आयोजित कर रहे है। नीलू शर्मा ने अहिल्या बाई होलकर के इतिहास के बारे में बताया कि सत्ती प्रथाए महिला शक्तिकरण की बात आज से 300 वर्ष पहले अपनी आवाज बुलंद की थी, देश का दुर्भाग्य की कांग्रेस ने उसे भी भुला दिया था।

भाजपा जिला महामंत्री राजेंद्र गोलछा एवं जिला संयोजक मूलचंद लोधी ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा की जिला टोली को मंडल टोली के समन्वय से जिले के प्रत्येक बूथ के हर घर में तिरंगा फहराने के लिए ईमानदारी से कार्यकर्ता कार्य में जुट चुके हैं। तिरंगा अभियान पिछली बार की तुलना में इस बार और प्रभावी हो, इस बात की चिंता कार्यकर्ता करें। भाजपा जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने कहा कि शहीद सेनानियों की प्रतिमाओं चित्रों पर माल्यार्पण एवं स्वच्छता का कार्यक्रम किया जाएगा। साथ ही 14 अगस्त को देश के विभाजन की याद करते हुए विभाजन विभीषिका दिवस भी मानना है। इस दौरान मौनए जुलूसए चित्र प्रदर्शनी गोष्ठी कार्यक्रम आयोजित होंगे।

भाजपा जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने मोर तिरंगा मोर अभियान की जानकारी देते हुए कहा कि तिरंगा के प्रति आज की युवा पीढ़ी और महिलाओं को विशेष रूप से जागृत करने की जरूरत है, इसलिए भाजपा युवा व महिला मोर्चा की विशेष भागीदारी इस अभियान में सुनिश्चित की गई है। आज की बैठक के पश्चात सभी 16 मंडलों में कार्यशाला आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम का संचालन कैलाश शर्मा व आभार प्रदर्शन सैनिक प्रकोष्ठ के संयोजक संतोष सिंह ने किया। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला महामंत्री सौरभ कोठारी, रविंद्र वैष्णव, एमडी ठाकुर, विनोद खांडेकर, जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव, चंद्रिका ड़डसेना, पूर्णिमा साहू, आभा तिवारी, मंडल अध्यक्ष सुमित भाटिया, गोलू गुप्ता, लता सिन्हा, जागृति यदु, अनीता ठाकुर, गोपाल भूआर्य, रघुवीर वाधवा, राजा माखीजा सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बास्केटबॉल प्रतियोगिता में डॉ. जे.बी. सिंह मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल की शानदार जीत



राजनांदगांव(दावा)। कटक में आयोजित सीबीएसई क्लस्टर-I बास्केटबॉल प्रतियोगिता में डॉ. जे.बी. सिंह मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, राजनांदगांव ने अपनी शानदार प्रदर्शन के साथ खिताब अपने नाम किया। इस प्रतियोगिता में पश्चिम बंगाल, उड़ीसा एवं छत्तीसगढ़ प्रदेशों की विभिन्न स्कूलों की टीमों ने भाग लिया, जिनमें मदर्स पब्लिक स्कूल, ओ.डी.एम. पब्लिक स्कूल, एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल बेमेतरा, एन.एच. गोयल वर्ल्ड स्कूल रायपुर, दिव्या आर्या विद्या स्कूल, सुशीला बिड़ला गर्ल्स स्कूल, कीट इंटरनेशनल स्कूल और साई इंटरनेशनल स्कूल विशेष रूप से शामिल थी। फाइनल मुकाबले में डॉ. जे.बी. सिंह मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने सुशीला बिड़ला गर्ल्स स्कूल को 51-09 अंकों से पराजित कर विजेता का खिताब हासिल किया। टीम की खिलाड़ियों ने बेहतरीन टीम भावना और कौशल का प्रदर्शन किया। विजेता टीम में आयुषी पटेल, ईशा सिंह, नताशा प्रजापति, निशा यादव, पूजा कंवर, तमन्ना, टन्नू, मनु सिंह, हर्षिका, श्रुति, अंजली और सुमी शामिल थी। टीम की कोच दिव्या धरावत और मैनेजर आवनी यादव के कुशल मार्गदर्शन में खिलाड़ियों ने यह शानदार जीत हासिल की। इस जीत के साथ ही डॉ. जे.बी. सिंह सर के सपने को भी पूरा किया गया है। जिन्होंने राजनांदगांव में पहला बास्केटबॉल ग्राउंड स्कूल परिसर में बनवाया था और उनका सपना था कि उनकी स्कूल की टीम बास्केटबॉल टूर्नामेंट जीते। आज उनकी इस सपने को पूरा होते देख विद्यालय परिवार को गर्व महसूस हो रहा है। विद्यालय परिवार ने अपनी छात्राओं की इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया है और उन्हें हार्दिक बधाई दी है। शाला की अध्यक्षा श्रीमती डॉ. सविता जेबी सिंह, उपाध्यक्ष अशोक चौधरी, चेयरमैन बलदेव सिंह भाटिया, बोर्ड मेंबर संजय बहादुर सिंह, सावंत बहादुर सिंह, जन्मेजय बहादुर सिंह, श्रेयांश बहादुर सिंह, श्रीमती मनीषा सिंह, एकेडमिक डायरेक्टर अभिषेक खंडेलवाल, बरसर आई के वैष्णव, श्रीमती एकता खंडेलवाल, श्रीमती ममता मिश्रा, सुश्री सरिता सिंह, श्रीमती अपर्णा वर्मा, इमरान खान, आशिता यादव सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने छात्राओं की टीम को इस गौरवशाली विजय पर हार्दिक बधाई दी।

### शुभांक

अनुमानित

बी. के
2-3-0
114-6 459-8
राजधानी
167-4 447-5

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय मे मामला क्रमांक: 202507092200031**

विषय:- अ-6 अ मामले की श्रेणी:- राजस्व
सन:- 2024-2025
छीरपानी प.ह.न. 00024 [62/19(0.0120 हे)]
पक्षकारों का विवरण आवेदक पक्षकार चन्द्रकांत मनोहर, अनावेदक पक्षकार -

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक चन्द्रकांत मनोहर पिता स्व. गुलाबराव मनोहर आयु 62 वर्ष जाति महार निवासी एमआईजी-1027, आदित्य नगर, हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया है कि आवेदक के पिता गुलाबराव मनोहर पिता नारायण राव मनोहर के आधिपत्य एवं स्वामित्व में ग्राम छीरपानी प.ह.न. 24 खसरा नम्बर 62/19 रकबा 0.03 डिसमील 1500 वर्गफुट/0.012हे. परिवर्तित भूमि स्थित है। आवेदक के पिता की उक्त भूमि राजस्व रिकार्ड (ऑनलाईन) में दर्ज नही है तथा आवेदक के द्वारा अपने पिता की उक्त भूमि ऑनलाईन दर्ज किये जाने का निवेदन करता है। आवेदक के पिता गुलाबराव मनोहर का निधन दिनांक 09.09.2006 को हो चुका हैं तथा आवेदक के द्वारा अपने पिता की उक्त भूमि ऑनलाईन दर्ज किये जाने के लिये निवेदन किया है। मो. 9406235358

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 11.08.2025 तक या उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 23/07/2025 को जारी किया जाता है।

Neelkanth Janbandhu
तहसीलदार तहसील डोंगरगढ़

**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी, (राजस्व) राजनांदगांव,जिला राजनांदगांव (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

क्र.4045/ अविअ/प्रवा.-3/2025
राजनांदगांव, दिनांक 25/07/2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक दिनेश कुमार जैन पिता प्रकाश चंद जैन, निवासी आजाद चौक, राजनांदगांव, तहसील व जिला राजनांदगांव द्वारा निज स्वामित्व की भूमि ग्राम कौरिनभांठा, पटवारी हलका नंबर 38, खसरा नंबर 534/21 रकबा 0.0728 हेक्टेयर के आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन एवं पुनर्कर निर्धारण का आवेदन मय खसरा बी-1, नक्शा, ऋण पुस्तिका की प्रति, पंजीकृत बैनाम इत्यादि के साथ प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त कृषि भिन्न प्रयोजन के पुनर्कर निर्धारण बाबत जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे अपना दावा/आपत्ति इस उद्घोषणा प्रकाशन दिनांक से स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि 09/08/2025 तक न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 25/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**राजनांदगांव**

## कैट ने मनाया संजय तेजवानी का जन्मदिन



राजनांदगांव (दावा)। महाकाल भक्त संजय तेजवानी का जन्मदिन कैट परिवार ने हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर केक काटकर मुंह मीठा किया गया। कैट के सदस्यों ने गुलदस्ता भेंटकर उनके दीर्घ आयु होने और स्वस्थ जीवन की कामना की। इस अवसर पर मुख्य रूप से कैट के जिला अध्यक्ष राजू डागा, वरिष्ठ पत्रकार अशोक पांडे, सूरज बुद्धदेव, ईश्वर साहू, अनिल त्रिपाठी, दीपक साहू, लायंस क्लब के अध्यक्ष अमित खण्डेलवाल, चेयरमैन राजा माखीजा, चेम्बर ऑफ़ कॉमर्स के निर्वाचित प्रदेश उपाध्यक्ष आलोक बिंदल, हार्डवेयर एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष राजकुमार बाफना, सरप्रीत रंगी, वरुण भास्कर, अजय पांडे, गुरुमुख दास वाधवा, सिंधी पंचायत मुरली फगवानी, कमल पंजवानी, सुरेश पंजवानी, अनिल तेजवानी, राम तेजवानी, आत्माराम कोशा, युवा नेता भाजपा योगेश खत्री, शैलेश गिरी, गोतम श्रीवास, पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा तरुण लहरवानी, पार्षद संजू बघेल आदि उपस्थित थे।

**HOMI BHABHA CENTRE FOR SCIENCE EDUCATION**
TATA INSTITUTE OF FUNDAMENTAL RESEARCH

**National Olympiad Programme 2025-2026**
**in Astronomy, Biology, Chemistry, Physics, Junior Science**

All students wishing to participate in the programme must appear in corresponding **National Standard Examinations (NSEs)** (for science subjects) on **November 22 and 23, 2025**, conducted by **the Indian Association of Physics Teachers (IAPT).**

Qualification in NSE is the first step towards participation in the corresponding **International Olympiads of 2026.**

To enroll:
NSEs: https://www.iapt.org.in (Aug 21 - Sep 14, 2025)

For more details: https://olympiads.hbcse.tifr.res.in
https://www.iapt.org.in
48143/12/0006/2526

**कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ( सामा.निर्वा. )**
**जिला- खैरागढ़-छुईखदान-गंडई ( छ.ग. )**

Tel. No. (07820299500) Mail ID- Email-deo-keg@cg.gov.in

**-: सूचना:-**

क्रमांक /210/वि.स्था./ 2025-26 दिनांक 07/08/2025

विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2023 एवं लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में नियोजित वाहनों के वाहन मालिकों को सूचित किया जाता है कि जिस किसी का भी वाहन किराया राशि भुगतान नहीं हो पाया है। वे तत्काल अपनी आर.सी. बुक पैन कार्ड, बैंक पासबुक एवं वाहन अधिग्रहण आदेश के साथ जिला निर्वाचन कार्यालय के कक्ष क्रमांक-13 में **दिनांक 18/08/2025** तक उपस्थित होकर अनिवार्य रूप से जमा करें। ताकि वाहन किराया राशि का भुगतान किया जा सके।

**अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी,**
**(सामान्य निर्वाचन)**
**जिला-खैरागढ़-छुईखदान-गंडई (छ.ग.)**

जी- 252602695/1

## माताओं- बहनों की खुशहाली ही है विष्णु देव का

# संकल्प रक्षाबंधन





एक बहन के लिए भाई उसके सम्मान, सुरक्षा और समृद्धि की कामना करता है, ताकि वह खुशहाल जीवन जी सके। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार प्रदेश की माताओं- बहनों के प्रति इसी संकल्प को पूरा करने के लिए प्रतिबद्धता से काम रही है। बैंक खाते में नगद राशि के साथ 'महतारी वंदन योजना' उन्हें आत्मनिर्भरता और सम्मान दिला रही है। प्रदेश की लाखों महिलाएं 'लखपति दीदी' बनकर समृद्धि का रास्ता तय कर रही हैं। महिला सशक्तिकरण की योजनाओं से प्रदेश में महिलाओं के अंदर अब जो सुरक्षा का भाव पैदा हुआ है, वह उन्हें एक नया आत्मविश्वास दिला रहा है।

## सशक्त महिलाएं समृद्ध छत्तीसगढ़



हमसे जुड़ने के लिए QR स्कैन करें

**महतारी वंदन योजना**

अब तक 69.19 लाख से अधिक महिलाओं को ₹11728 करोड़ की सहायता

**सखी वन स्टॉप सेंटर**

SOP लागू करने वाला पहला राज्य, संकटग्रस्त महिलाओं को तत्काल सहायता, परामर्श और कानूनी सहायता

**यूनिटी मॉल**

महिला स्व-सहायता समूहों को नवा रायपुर में उत्पादों के विक्रय के लिए मिलेगा वृहद बाजार

**मानदेय सीधे बैंक खातों में**

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का मानदेय अब सीधे बैंक खातों में भुगतान से पारदर्शिता

**महतारी सदन**

ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सभी ग्राम पंचायतों में उद्यम- व्यवसाय केंद्र की स्थापना

**छत्तीसगढ़ महिला कोष**

महिलाओं के सामाजिक और आर्थिक विकास हेतु वित्तीय सहायता और प्रशिक्षण

**सक्षम योजना**

विधवा, परित्यक्ता, तलाकशुदा और अविवाहित महिलाओं के लिए आत्मनिर्भरता की दिशा में सहायता

**लखपति दीदी योजना**

योजना का उद्देश्य प्रत्येक जिले में 35,000 महिलाओं को प्रशिक्षण और वित्तीय सहायता देकर उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत करना

**बिहान योजना**

इसका उद्देश्य ग्रामीण गरीब परिवारों की महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से संगठित करना

**मिनीमाता महतारी जतन योजना**

पंजीकृत महिला निर्माण श्रमिकों को प्रसव के बाद 20,000 की आर्थिक सहायता

**मुख्यमंत्री सिलाई मशीन सहायता योजना**

18 से 50 वर्ष की महिला श्रमिकों को सिलाई मशीन हेतु सहायता

*भाई-बहन के स्नेह और विश्वास का पर्व 'रक्षाबंधन' हमारी संस्कृति का महत्वपूर्ण त्यौहार है। इस दिन बहनें मंगल कामना के साथ अपने भाइयों को रक्षा सूत्र बांधती हैं और भाई उनकी रक्षा का वचन देते हैं। यह त्यौहार भाई-बहन के पवित्र रिश्ते को और मजबूत बनाता है। रक्षाबंधन का त्यौहार अपनी बहनों के साथ ही सभी महिलाओं के प्रति सम्मान, सुरक्षा और अस्मिता के लिए जागरूक और प्रतिबद्ध करता है। हमारी सरकार उनकी सुरक्षा, सम्मान, समृद्धि के लिए प्रतिबद्ध हैं।*

*-विष्णु देव साय*
*मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़*

### महिला कल्याण के लिए चार नए पोर्टल

- शी- बाक्स ऑनलाइन शिकायत पोर्टल
- बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ पोर्टल
- महिलाओं से जुड़े बुनियादी ढांचे के विकास और निगरानी के लिए इंफ्रा पोर्टल
- महिला कल्याण की विभिन्न योजनाओं की निगरानी और क्रियान्वयन के लिए स्थापना पोर्टल

**सम्मान**

### खिलेश्वरी को मिली आर्थिक सुरक्षा

रायपुर जिले के बनरसी गाँव निवासी खिलेश्वरी ओगरे बिहान शारदा ग्राम संगठन समूह से जुड़ी हैं। महतारी वंदन योजना के तहत मिलने वाली 1,000 रुपये की सहायता से वे अब आर्थिक सुरक्षा का अनुभव कर रही हैं। वह बताती हैं कि पहले परिवार का भरण-पोषण मुश्किल था, लेकिन अब यह राशि उनके खाते में जमा रहती है, जो विपरीत परिस्थितियों में सहारा बनती है। वे कहती हैं, "महीने के अंत में जब पैसे खत्म हो जाते हैं तो इस 1,000 रुपये से हमें बहुत मदद मिलती है। मैं मुख्यमंत्री जी का धन्यवाद करती हूँ।" खिलेश्वरी, छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के बिहान समूह से भी जुड़ी हैं। इस समूह से जुड़कर उनके जैसी ही कई महिलाएं आज आत्मनिर्भरता की राह पर चल रही हैं।



**सुरक्षा**

### सुरक्षित मातृत्व के लिए सहायता

प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत् पहली बार माँ बनने वाली महिलाओं को दो किस्तों में सहायता राशि दी जाती है। पहली किस्त में 3000 रुपए दिए जाते हैं और दूसरी किस्त में 2000 रुपए की राशि प्रसव के बाद टीकाकरण की पुष्टि होने पर दी जाती है। महासमुंद के इमलीभाठा में रहने वाली गायत्री देवांगन ऐसी ही एक महिला हैं। जब उन्हें इस योजना के तहत 5000 रुपए की राशि मिली, तो उन्होंने इस राशि का उपयोग अपने अच्छे स्वास्थ्य और पोषण पर किया। इसके साथ ही उन्हें राज्य सरकार की कौशल्या मातृत्व सहायता योजना के अंतर्गत दूसरी बार गर्भवती होने पर 6000 रुपए की अतिरिक्त सहायता प्राप्त हुई।



**समृद्धि**

### सफल कारोबारी के रूप में मिली पहचान

एक सामान्य परिवार से आने वाली नीतू गुप्ता ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन 'बिहान' अंतर्गत लक्ष्मी स्वसहायता समूह से जुड़कर बैंक लिंकेज के माध्यम से एक लाख रुपये का मुद्रा लोन लेकर किराने की दुकान खोली। नीतू सिलाई का कार्य भी करती हैं। साथ ही अपने पति श्री सुनील गुप्ता के साथ खेती कार्य में भी उनका साथ देती हैं। नीतू ने लोन से लिए हुए पैसों से कारोबार शुरू किया और अपनी मेहनत और हुनर के दम पर अब एक सफल कारोबारी के रूप में अपनी पहचान बना चुकी हैं। वे अब अपने बच्चों का पालन पोषण अच्छी तरह से कर पा रही हैं। वे आज लखपति दीदी बन गई हैं।



**समानता**

### व्यंजन बनाने की रुचि ने बनाया आत्मनिर्भर

25 वर्षीया पायल नेताम ने प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना के तहत चार लाख रुपये का ऋण लेकर बेकरी की दुकान खोली। वे बेकरी व्यवसाय से अच्छी-खासी आमदनी हासिल कर रही हैं। साथ ही दो लोगों को रोजगार भी दिया है। पायल केक तैयार कर आसपास के गांवों में ऑर्डर अनुसार भेजती हैं। इससे उन्हें प्रतिदिन दो से तीन हजार रुपये तक शुद्ध आय हो जाती है। इससे उन्हें समाज में समानता और अत्मनिर्भरता वाली पहचान मिली है। पायल ने अपने हुनर और कौशल के साथ शासकीय योजना का लाभ लेकर अपने आप को अब सफल कारोबारी के रूप में स्थापित कर लिया है।



**सशक्तीकरण**

### पुष्पा के हौसलों को मिली उड़ान

पुष्पा यादव 20 दिनों का ड्रोन पायलेट का प्रशिक्षण पूरा करने के बाद गांवों के खेतों में फसलों पर ड्रोन चलाकर कीटनाशक का छिड़काव करती हैं। प्रति एकड़ कीटनाशक छिड़काव करने पर उन्हें 300 रुपए की आय होती है। विगत डेढ़ माह में ही वह 26 हजार रुपए की आय अर्जित कर चुकी हैं। वे कहती हैं कि स्वयं की खेती, पशुपालन, नरेगा मैट, ड्रोन पायलेट का कार्य कर सालभर में 1 लाख 50 हजार रुपए से अधिक कमा रही हूं। अब पुष्पा को नई पहचान मिली है। गांव वाले उन्हें ड्रोन दीदी पुष्पा के नाम से जानने लगे हैं। पुष्पा की आत्मनिर्भरता देखकर गांव की अन्य महिलाएं भी प्रोत्साहित हो रही हैं और उन्हें भी आगे बढ़ने की प्रेरणा मिल रही है।



**सहभागिता**

### साथ मिलकर तरक्की की राह पर

छत्तीसगढ़ का 'जशप्योर ब्रांड' जो आदिवासी महिलाओं द्वारा बनाए गए उच्च गुणवत्ता वाले और स्वास्थ्यवर्धक उत्पादों को बाजार में प्रस्तुत करता है। अब यह ब्रांड केवल स्थानीय बाजार तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे भारत में अपनी जगह बना चुका है, चाहे वह ऑनलाइन हो या ऑफलाइन। समूह से जुड़ी कई महिलाएं आज पूरी आत्मनिर्भरता के साथ सम्मान पूर्वक जीवन जी रही हैं। जशप्योर आदिवासी महिलाओं का सशक्तिकरण और उनकी आर्थिक स्थिति को सुधारने का सफल प्रयास है। इसके माध्यम से इन महिलाओं को रोजगार का अवसर मिला है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है और उन्हें आत्मनिर्भर बनने में मदद मिली है।



संवाद-44836/37

## अनमोल दावा

> **दुनिया में कोई भी चीज कितनी भी कीमती क्यों न हो, लेकिन नींद, आनंद और शांति से कीमती कुछ भी नहीं।**

# पीड़िताओं ने सामने आने का साहस किया

बेंगलुरु स्पेशल कोर्ट ने पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा के पोते प्रज्वल रेवाा को रेप के मामले में उम्रकैद की सजा सुनाई है। उस पर 48 वर्षीय एक घरेलू सहायिका ने कई दफा रेप करने का आरोप लगाया था। बीते साल उस पर चार मामले दर्ज किए गए थे, जिनमें से पहले मामले में दोषी ठहराया गया है। उस पर आईपीसी की धाराएं 376 (2के) (प्रभावशाली व्यक्ति द्वारा रेप), 376(2)(एन) (बार-बार रेप) 354(ए) (कपड़े उतारने के लिए हमला या बल प्रयोग), 354(सी)(ताकझांक), 506 (सबूतों को गायब करना), सूचना प्रोद्यौगिकी अधिनियम की धारा 66(ई) लगाई गई।

1632 पों की चार्जशीट के साथ इलेक्ट्रानिक व अन्य 183 सबूत पेश किए गए। बीते साल कर्नाटक सैक्स स्कैंडल के उछलने के बाद प्रज्वल का नाम सामने आया था, उस पर पचास से ज्यादा महिलाओं के यौन उत्पीड़न का आरोप है। पीड़ित अमूमन हासन, मैसूर व होलेनरासीपुर व करीबी इलाकों की हैं।

हासन के इस सांसद के वहीं के स्टेडियम में सैकड़ों की तादाद में बिखरे मिले पेन ड्राइवों में तकरीबन तीन हजार सेक्स क्लिप व तस्वीरें मिलते ही मामले ने तूल पकड़ लिया था। कई वीडियो वह खुद बना रहा था। वीडियो वायरल होते ही वह देश छोड़ कर भाग गया। प्रधानमंत्री रहे दादा, मुख्यमंत्री रहे चाचा और मंत्री पिता का यह इंजीनियर बेटा 2019 में देश में तीसरा सबसे कम उम्र का सांसद बनने पर चर्चा में आया था। दादा के चेताने पर जर्मनी से लौटा तो एयरपोर्ट से ही उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

पैसों और हैसियत के बल पर महिलाओं के साथ हैवानियत करने वाले की ताकत का ही भय है कि पचास में से केवल चार पीड़िताओं ने सामने आने का साहस किया। हालांकि पहले वह खुद को बेकसूर और आरोपों को झूठा बता रहा था। मगर पकड़े जाने के बाद उसने काड़ टीवी चैनल को भेजे वीडियो में दादा, मां-बाप, जनता दल (सेक्युलर) के कार्यकर्ताओं व राज्य के लोगों से माफी मांगी। लोगों में अपराधियों के प्रति गुस्से के चलते मामले को दबाया नहीं जा सका। बेशक, यह न्याय प्रक्रिया की ताकत है जिसने राज्य चलाने वालों की विकृति को न सिर्फ उधेड़ा, बल्कि कमजोर वर्ग की उस स्त्री को न्याय देकर छिपी बैठीं पीड़िताओं को न्याया का भरोसा दिया है। हालांकि अभी दोषी ऊपरी अदालत जाने को स्वतंत्र है। वहां तक मामला जाने और सलाखों के पीछे जाने में सालों लग सकते हैं, जिससे बच जाना जरूरी हैं। ताकतवर दोषियों को सजा दिला कर कड़ा संदेश देना बेहद जरूरी है।

# विश्व आदिवासी दिवस और जनजाति अस्मिता



**मदन मंडावी**



*आज विश्व आदिवासी पर विशेष*

आदिवासी शब्द ट्ट आदिवासी शब्द ''आदि से निकला है जिसका अर्थ है आरंभिक काल या शुरुआत से तथा ''वासी'' का अर्थ है निवासी या निवास करने वाला। आदिवासी मूलतः मूलनिवासी (स्वदेशी) है। मूलनिवासी वह होता है जिनके पुरखें एक ही स्थान पर कई अनगिनत सदियों से एक ही स्थान पर रहे हों जिनके दादा, परदादा के, परदादा के परदादा के नाभीनाल (नेरवा) उसी धरती पर गड़ा हो,जो ना कहीं से आए हों ना ही कहीं गए हों, इसके अलावा अन्यत्र कहीं से आकर बसने वाले लोग प्रवासी कहलाते हैं । आदिवासी शब्द को 1930 के दशक में गड़ा गया था विश्व में आदिवासियों को अनेक नामों से जाना जाता है।

9अगस्त विश्व स्वदेशी दिवस - मूलनिवासियों के मानवाधिकार को लागू करने और उनके संरक्षण के लिए 1982 में (संयुक्त राष्ट्र संघ) ने एक कार्य दल उपयोजना का गठन किया जिसकी पहली बैठक 9 अगस्त 1982 को हुई। लिए निर्णय के अनुसार प्रतिवर्ष 9 अगस्त को विश्व मूलनिवासी दिवस हह्र द्वारा अपने कार्यालय में एवं अपने सदस्य देशों को अपने देश में मनाने को निर्देश है । प्रथम अंतर्राष्ट्रीय मूलनिवासी दिवस जनजातियों को हक अधिकार दिलाने और उनकी समस्याओं का निराकरण, भाषा, संस्कृति इतिहास के संरक्षण के लिए की महासभा द्वारा 9 अगस्त 1994 को जिनेवा शहर में प्रथम विश्व मूल निवासी दिवस आयोजित किया गया। यह दिवस मनाने जानकारी के अभाव में भारत देश के लिए 22 वर्ष तक लंबित रहा है। जिसे ने पुनः 21दिसंबर 1994 से 20 दिसंबर 2004 तक प्रथम मूलनिवासी दिवस दशक घोषित किया गया था।

विश्व के मानचित्र पर जनजातियाँ-प्रकृति मित्र, संस्कृति प्रधान आदिवासियों पर वैश्विक स्तर पर प्रकाश डालें तो विश्व के 90 देशों में आदिवासी लोग रहते हैं। भारत देश में इनकी आबादी लगभग 12.4 करोड़ (8.6प्रतिशत) है। तो वही छत्तीसगढ़ में आदिवासियों की जनसंख्या लगभग 92 लाख है जो राज्य की कुल जनसंख्या में लगभग 33.6प्रतिशत प्रतिशत है। छत्तीसगढ़ में 42 से अधिक जनजातियाँ निवास करती है। वहीं राष्ट्रीय स्तर पर 705 प्रकार की जनजातियाँ निवासरत है, जो भारतीय संविधान के अनुच्छेद 342 के तहत अधिसूचित है। भारत के विभिन्न राज्य जैसे- मध्यप्रदेश, झारखंड, उड़ीसा, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान, आंध्रप्रदेश, मणिपुर, पश्चिम बंगाल, असम, अरुणाचल प्रदेश, मेघालय, लक्षद्वीप, मिजोरम नगालैंड और त्रिपुरा राज्यों में आदिवासी मौजूद है। भारत में सबसे ज्यादा आदिवासी वाला राज्य है मध्यप्रदेश। पुरे विश्व की जनसंख्या में 8.5 प्रतिशत आदिवासी लोग रहते हैं।

भाषा एवं संस्कृति-'जनजाति संस्कृति विश्व की जननी है।' विभिन्न विधाएं, कला, संस्कृतियाँ, ज्ञान-विज्ञान आदिवासियों से ही प्रारंभ हुआ आग की खोज बस्ती बसाकर कृषि करना लोगों ने आदिवासियों से ही सीखा। प्रकृति के सच्चे सेवक जल, जंगल, जमीन के संरक्षण में आदिवासी सदैव अग्रणी रहे हैं। जीवनशैली में सांस्कृतिक विरासत आज भी अक्षुण्य है। विश्व में लगभग 5000 संस्कृतियों का प्रतिनिधित्व आदिवासी करते हैं तो वहीं लगभग 4000 भाषाएँ दुनिया भर में इनकी हैं, स्वयं की प्राचीनतम रीति - रिवाज, परंपरा, संस्कृति, तीज - त्यौहार आज भी विद्यमान है। आदिवासी प्रकृति और संस्कृति के अशेष कलाकार है । उनके निवास क्षेत्र में अकूत प्राकृतिक संपदाएं मिलती है। धार्मिक स्वरूप, मान्यताएं- आदिवासी किसी जाति - धर्म की पैरवी नहीं करता। किसी धर्म बनने से पहले आदिवासियों का जन्म हो चुका था। आदिवासियों के पास मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा, चर्च नहीं है। उनका मंदिर हैट्ठ हरे-भरे जंगल, मस्जिद है ट्ठपर्वत से बहती नदियाँ, गुरुद्वारा है ट्ठऊँचा- ऊँचा पहाड़, भगवान उनके हर सांसों में बसता है। वह किसी धर्म के साथ भेदभाव नहीं करता, प्रकृति का सेवा करना ही उनका धर्म है। उनका विधि -विधान रूढ़जिन्य परंपरा पर आधारित है वह मूर्ति और चित्र पर नहीं चरित्र पर यकीन करता है। किन्तु अपने कुल देवी-देवता पुरखा शक्तियों पर आस्था रखता है। भारतीय संविधान में आदिवासियों को धर्म से मुक्त रखा गया है, यही कारण है कि आजकल अलग-अलग धर्म के लोग आदिवासियों की बस्ती में जाकर धार्मिक बनाने के लिए प्रचार - प्रसार कर रहे होते हैं। अब आदिवासी अपनी पहचान सुनिश्चित करने के लिए सरकार से अलग धर्मकोड की माँग कर रहे हैं।

जनजातियों का इतिहास - आदिवासियों की इतिहास को कलमकार, इतिहासकारों ने स्वर्ण अक्षरों में नहीं लिख पाए जबकि विदेशी आक्रांताओं के विरोध में विद्रोह करने वालों में सबसे पहले रहे हैं। उनका अद्भुत अलौकिक इतिहास वामपंथी विचारधारा के लोगों ने अनपढ़, गंवार के रूप में प्रदर्शित कर दिया। इतिहास भावी पीढ़ी को ऊर्जावान, संस्कारवान बनाती है। साम्राज्य चलाने वाले अनपढ़ और कमजोर नहीं हो सकते, मुगलों की आगमन से पहले देश के अनेक क्षेत्रों में जनजाति राजा- महाराजा रहे हैं। उनके गढ़ किला, रियासतें आज भी भारत में मौजूद है, अंग्रेजों के खिलाफ सर्वप्रथम आवाज उठाने वाले माटी पुत्र आदिवासी, मूलनिवासी ही थे। जनजातियों की आदर्श महापुरुषों की कहानियाँ देश को छुपाया गया । अलिखित, मौखिक रूप से समुदाय के बीच दब कर रह गए।

राजनीतिक दृष्टिकोणट्ठ जीववादी, प्रकृतिवादी, प्रजावाद के समर्थक मानवतावादी दृष्टिकोण रखने वाले समस्त प्राणियों को प्रेम करने वाले निश्चल, निष्कपट सत्यवादी विचारधारा के लोगों को आज की राजनीति आदिवासियों को उचित सम्मान नहीं दे पा रही है। आज आदिवासी वन क्षेत्रों में पुलिस और नक्सलियों के चपेट में है। उनकी जमीनें छीनी जा रही है, उनके भोलेपन का नाजायज फायदा उठाया जा रहा है। अनुसूचित क्षेत्र में बाहरी लोग अपना अधिकार जमाने में लगे हुए हैं, आर्थिक रूप से पिछड़े हुए लोग शोषण और अत्याचार के शिकार होते रहे हैं। असमानता की लकीरें आज भी है अवसरों की समानता नजर नहीं आती। ''ना लोकसभा ना विधानसभा, सबसे बड़ा ग्राम सभा÷ अनुसूचित जनजातियों के प्रशासन और नियंत्रण से संबंधित पांचवी अनुसूची जिसमें हितों की रक्षा करने और उनके सामाजिक आर्थिक और सांस्कृतिक विकास को सुनिश्चित करने का प्रावधान करती है आज भी पालन नहीं होता।

प्रकृति के संरक्षकट्ठ प्राकृतिक वन संपदाओं, जल, जंगल, जमीन और अपनी विशिष्ट आध्यात्मिक परंपराओं विशिष्ट जीवनशैली नैसर्गिक मूल्यों के साथ प्रकृति संरक्षण में आदिवासी सदैव समर्पित रहा है। उनकी उपस्थिति के कारण ही वन खनिज संपदा सुरक्षित है, धरतीपुत्र आदिवासी प्रकृति का दोहन नहीं करते संवर्धन और संतुलन बनाए रखने का काम करते हैं। प्राकृतिक संस्कृति को बनाए रखने में आदिवासी आदिकाल से सदैव ध्वज वाहक रहे हैं।

ढारा, डोंगरगढ़,राजनांदगांव छत्तीसगढ़
मो-7693917210

## विचार सरिता

# बहना ने भाई की कलाई पे प्यार बाँधा है प्यार के दो धागों से सारा संसार बाँधा है

*संस्कृत का एक प्रसिद्ध श्लोक है:-*
*येन बद्धोबलीराजा दानवेन्द्रो महाबलः।*
**तेन त्वामभिबध्नामि रक्षे मा चल मा चल ।।**

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



इसका अर्थ है, जिस रक्षासूत्र से दानवों के राजा बलि को बांधा था, उसी सूत्र को मैं तुमको बांध रही हूँ। हे राखी! स्थिर रहो और रक्षा करो।

आज श्रावण पूर्णिमा है। रक्षाबंधन का पवित्र त्योहार। भाई और बहन के पवित्र प्रेम का प्रतीक यह त्योहार विलक्षण है। वास्तव में रक्षाबंधन का व्यापक अर्थ केवल बहन द्वारा भाई की कलाई में बांधी जाने वाली रंग बिरंगी रेशमी राखी और भाई द्वारा उसकी रक्षा के संकल्प तक ही सीमित नहीं है। इस रक्षाबंधन का विस्तार व्यक्तियों से भी उपर संपूर्ण राज्य, राष्ट और इस धरती के प्रत्येक प्राणी को एक विराट रक्षा सूत्र में बाँधने तक विस्तृत है। इस धरती में मनुष्य के साथ-साथ अनेक जलचर, थलचर और नभीय प्राणी हैं। पुष्प-पत्ते, पेड़-पौधे, नदी-झरने, पर्वत, घाटियां, उपत्यकाएँ, अपार समुद्र, विस्तृत रेगिस्तान, ये सब मिलकर प्रकृति का निर्माण करते हैं। इस प्रकृति में एक संतुलन है, एक स्थिरता है, एक जलवायु चक्र है, सह-अस्तित्व की विराट भावना है। अगर इस प्रकृति की रक्षा करना और इसका संवर्धन करना आवश्यक है तो इसके लिए परस्पर सहयोग के विराट रक्षा सूत्र की आवश्यकता होगी। अतः राखी का यह त्योहार उस सर्व-एकता भाव का संदेश देता है। कहा भी गया है:- परस्परम भावयन्तः।

(आओ, हम एक दूसरे का ध्यान रखें।)

देश की रक्षा करते हुए हमारी सीमाओं पर डटे हुए बहादुर सैनिक रक्षा सूत्र के प्रथम अधिकारी हैं। देशवासियों की भेजी हुई राखी और इसके माध्यम से व्यक्त होने वाली भावना, उन सैनिकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का एक माध्यम है। वे ईश्वर जो सृष्टि के सभी प्राणियों की रक्षा, पालन-पोषण करते हैं, एक रक्षा सूत्र उन्हें भी अर्पित है।

अस्य बन्धनस्य रक्षणं कुरु।

(हे ईश्वर! भाई-बहनों और सभी प्राणियों में परस्पर बंधुभाव के इस बंधन की रक्षा करें।)

तो आइए! हम भी इस राखी पर एक दूसरे की रक्षा का, नारियों समेत समाज के सभी प्राणियों की रक्षा का और देश को एकता के रक्षा-सूत्र में बाँधने का संकल्प लें।

## रक्षाबंधन पर विशेष

# बहनों को बनाएं आत्मनिर्भर

आया सावन रक्षा सूत्र का संदेश देने,
करें बहनों की रक्षा, निभाएं भाई का फर्ज,
अपने भैया से चाहिये बहनों को प्यार
बहनों को उपहार नहीं भाई का सम्मान चाहिये।
विपत्ति में बहनों को अकेला ना छोड़ें
भैया का साथ, ईश्वर का साथ, नहीं कोई स्वार्थ,
बहन का भाई के प्रति प्यार, सुभ्रद्रा-कृष्ण का प्यार है
दुश्शासन से कैसे की रक्षा द्रौपदी की यह है भाईयों को संदेश।
न आए बहन को कोई आँच, भाई रहे सतर्क,
उसे बनांए पुलिस अधिकारी,
छोटी बहन को भाई पढ़ाए, खुद पढ़े, समाज के
लिये बने आदर्श,
शिक्षित बहन के लिये स्वरोजगार का करे प्रबंध
मेघावी बहन के लिये पिता के साथ मिलकर
करे प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी,
राखी बंधवा कर बहनों को भूलजाना नहीं, नियमित ध्यान रखें
बहनों को आत्मनिर्भर बनाना है, किसी के
सामने बेबस नहीं होने देना,
एक सशक्त बहन पूरे परिवार के लिये होगा रत्न,
समाज के लिये आदर्श, राष्ट्र की रक्षा के लिये होगी कर्त्तव्यनिष्ठ,
बहनों को हम देखना चाहते हैं, एक शिक्षिका के रूप में,
हम अपनी दीदी को देखना चाहते हैं, एक डॉक्टर के रूप में,
अपनी छोटी बहन को हम देखना चाहते हैं नर्स के रूप में,
दीदी को चाहता हूँ कि वो पी.एस.सी. की तैयारी करे-
और बने प्रशासनिक अधिकारी, यही इच्छा है, सब भाइयों की।
बहनें होती हैं, भाई का सहारा, भाई होते हैं बहनों का सहारा।
अपनी बहन के समान, समाज के सभी बहनों का करें सम्मान
बहन 'अबला' नहीं उसके साथ हैं समाज के अनेक भाई,
देखो भारत की बेटी आस्था पुनिया बनी नौ-सेना की
पहिली महिला फाइटर और बनीं सब लैफ्टिनेंट,
आस्था को सम्मानित किया गया
विंग्स ऑफ गोल्ड से।
हमारी बहनें बनेंगी कम्प्यूटर साइंस की विदुषी,
कृषि विज्ञान में लेगी मास्टर डिग्री,
आने वाला कल बहनों की होंगी।
बहनों का रक्षात्मक शस्त्र है भाई
यही संदेश है भाइयों को रक्षाबंधन का।



**देवेन्द्र महोबे**
**खैरागढ़**

# सामाजिक मर्यादाओं के बंधन का यादगार पर्व है रक्षाबंधन

**ब्रह्माकुमारी पुष्पा बहन जी**

प्रेम अहिंसा विश्व बंधुत्व करुणा के सुवासित पुष्पों से पल्लवित तथा सद्भावना के आंचल में मानवता को संरक्षित करने वाले भारत देश में मनाए जाने वाले पर्वों में भी मनुष्य की रक्षा का कवच समाया होता है यही कारण है कि भाग्य विधाता विज्ञान के युग में भी पर्वों की सार्थकता भी विविध रूपों में स्वीकार्य है। संसार में रह रहे मनुष्यों की सामाजिक मर्यादाएं ही समाज की उन्नति और अवनति का धारणा बनती है। जिस समाज में मर्यादाओं की सीमा और बंधन नहीं है वहां की सामाजिक व्यवस्था मर्यादित माननीय संवेदनाएं छिन्न भिन्न हो जाती है । मनुष्य की उपाधि तो होती है परंतु वह स्वरूप नहीं झलकता है । आज रक्षा का संकट भारत में नहीं पूरे विश्व में गहराता जा रहा है । सभी लोग भयभीत हैं यह रक्षा चाहे स्व का हो या समाज का दोनों इस परिधि से बाहर नहीं है। वर्तमान समय जो इस तरह की स्थितियां उत्पन्न हुई है उसका कारण यही है कि मनुष्य स्वयं की तथा सामाजिक मर्यादाओं को तोड़ स्वछंद बनने की चाह में हिंसक हो चुका है। ऐसे परिवेश में रक्षाबंधन का पर्व बहुत अहमियत रखता है।

### रक्षाबंधन : व्यापक मान्यता और लोकप्रियता

भारत में अनेक पर्व मनाए जाते हैं परंतु रक्षाबंधन का पर पूरे विश्व में व्यापक तथा लोकप्रियता का रूप धारण कर चुका है। भले ही इसका रूप बदला है परंतु इसकी मान्यता आज भी कम नहीं है। जाति धर्म वर्ण और भाषा की परिधि को तोड़कर आज भी सर्वमान्य और लोकप्रिय है ।

### रक्षाबंधन की आध्यात्मिक व्याख्या

मनुष्यों द्वारा मनाए जाने वाले प्रत्येक पर्वों के पीछे आध्यात्मिक मर्म समाया होता है जो मनुष्य को किसी न किसी रूप में आध्यात्मिक संबल प्रदान करता करती है। मनुष्य की क्षीण होती आध्यात्मिक शक्तियों को संचित करने तथा उसे पूर्ण जागृत करने का अवसर प्रदान करती है।

### रक्षाबंधन को सही अर्थों में मनाने की आवश्यकता

टूटती पवित्र सामाजिक तथा पारिवारिक मार्यताओं को मजबूत करने तथा आतंकवाद अत्याचार जैसी भीषण मानवीय विभीषण को रोकने के लिए रक्षाबंधन के पर्व को सही अर्थों में बनाने की आवश्यकता है ।

## कहानी

# सुखद संयोग



**गिरीश बख्शी**

समीर को अच्छा नहीं लग रहा था। फिर राखी आ गई। उसका मन उदास हो गया। घर में अकेले बैठे-बैठे उसे कुछ भी अच्छा नहीं लगा। मन बहलाने चुटकुलों की किताब उठाई पर पढ़ने को जी न किया । टीवी चालू किया- ''उह! वही मारधाड़ पिस्तौल वाली फिल्म!'' उसने फट से टीवी बंद कर दिया। स्कूल के साथी रमेश की याद आई-''वह कहा करता था-जब कभी मन बोर हो जाय तो चटपट उठो, चप्पल पहनो और बाहर कहीं भी घुमने निकल पड़ो बाहर की चहल-पहल मन में बैठी बोरियत को भगा देती है।'' तो समीर झट पट उठा, चप्पल पहनी और सुप्रसिद्ध कवि हरिवंश राय बच्चन की बात-'राह पकड़ तू एक चला चल पा जाएगा मधुशाला ' मान कर एक राह चल पड़ा। वह कब बस स्टैण्ड आ गया उसे पता ही न चला । पास ही पुल पर वह चुपचाप बैठ गया । पर चंचल मन शान्त कहाँ रहता है। पिछले साल की राखी सामने आ गई कितना उत्साह था उसमे उस दिन। रोज छै बजे उठने वाला वह, एकदम ब्रम्ह मुहूर्त में चार बजे ही जग गया था। फूर्ति से तैयार होकर वह अपना हैण्ड बैग लेकर प्रसन्न बदन अपनी बड़ी दीदी से राखी बंधवाने रायपुर जाने निकल पड़ा। घड़ी देखी, काफी समय है ट्रेन साढ़े छै बजे आती है आटो की आवश्यकता नहीं, मजे से वह पैदल ही- 'हम है राही प्यार के हमसे कुछ न बोलिए, जो भी प्यार से मिला हम उसी के हो लिए' ! गुनगुनाते हुए'- चल पड़ा । पानी नहीं गिर रहा था, इससे मौसम बड़ा सुहावना हो गया था। गाड़ी समय पर आई। भीड़ अधिक नहीं थी भी उसे खिड़की के पास सीट मिल गई। सामने बैठे सज्जन ने कहा -''बड़े खुश नजर आ रहे हैं भैया! लगता है राखी में बहन के घर जा रहे हैं? समीर चहक उठा था वाह भाई साहब ! आप तो ज्योतिषी है। परिचय की औपचारिकता न निभाते हुए आपने ठेठ अपने पन से बात कह दी! मुझे अच्छा लगा। जी हॉ! मैं अपनी बड़ी दीदी से राखी बंधवाने उनके ससुराल रायपुर जा रहा हूँ। आप कहां जा रहे हैं?'' सज्जन ने बताया ''मैं राखी में अपने घर बिलासपुर जा रहा हूँ डोंगरगढ़ से आ रहा हूँ मै वहां शिक्षक हूँ।'' समीर एकदम लहककर हाथ मिलाते हुए कहा- ''वाह भाई साहब । फिर तो खूब गुजरेगी जब मिल बैठे शिक्षक दो! मैं भी यहां अपने राजानांदगांव में प्रायवेट स्कूल में मास्टर हूँ । मेरा नाम समीर है और आपका ?' सज्जन हाथ पकड़े-पकड़े कहा-मुझे लोग अपूर्व कहते हैं। मुझे कहानियां लिखने का शौक है तो मैं मनुष्यों के मन को पढ़ने का प्रयत्न किया करता हूँ।'' समीर ने प्रसन्नता से कहा-''और मैं कथा रसिक। तो सुनाइए अपनी कोई कहानी ? और फिर कथा-कहनियों की चर्चा में जल्दी ही रायपुर आ गया । दोनों ने एक साथ कहा था- ''फिर मिलेंगे अच्छा नमस्कार।'' दीदी दरवाजे पर ही खड़ी थी। समीर के पूरे शरीर में आज भी झुरझुरी सी आ गई ! वे उसे देखते ही। खिल उठी भीं। उसने बड़ी श्रद्धा से दीदी के पैर छूकर प्रणाम किया था। दीदी ने उसे स्नेह से गले लगाते हुए कहा था- मैं जानती थी छोटे भैया! तुम सबेरे की गाड़ी से जरूर आओगे। मालूम में तीसरी बार दरवाजे पर आकर खड़ी हुई हूँ। चलो भीतर, बच्चे कैरम खेलते अपने मामा की राह देख रहे हैं। और फिर तो अपूर्व उत्साह, उमंग और उल्लास के साथ राखी का दिन बीता था। दीदी को,राखी के उपलक्ष्य में, उसने कोसे की आकर्षक साड़ी दी थी और बच्चो को दी शर्ट। आते समय दीदी ने उसके सिर पर हाथ रखकर सुखद जीवन का आर्शीवाद दिया था। उनकी ऑखें छलछला गई थी और वह भी अपने आंसुवो को किसी तरह सम्हाले हुए था। उसने कहा था-दीदी! कितना अच्छा लगा यहां आकर! हम सब कितने खुश थे! दीदी! राखी साल में कई बार क्यों नहीं आती?''दीदी ने हँस कर कहा था-राखी एक ही बार आती है तो क्या? छोटे भैया! तुम दो-तीन बार यहां आ जाया करो! तुम्हारा आना ही हम सबके लिए त्योहार है।'' अचानक सामने से जा रही बस का हार्न बज उठा और समीर बस स्टैण्ड के पास के पुल पर आ गया।उसने उच्छ् वास भर कर कहा -'अब कहाँ राखी अब कहाँ त्योहार। मेरी प्यारी दीदी तो हार्ट अटेक से हम सबको रोता छोड़ कर, चुपचाप चली गई। क्या करूँ, कहाँ जाऊँआज राखी के दिन, सचमुच कुछ आपकी खूब याद आ रही है। ऐसा लगता है.....।'तभी एकाएक आवाज भाई -'अरे तुम.... आज यहां अकेले इस पूल पर ?'' समीर ने बड़े आश्चर्य से उस महिला को देखते हुए कहा -''पर, मैनें आपको पहचाना नहीं, आप कौन ? महिला ने हँस कर कहा-मैं तुम्हारी दीदी आभा की सहेली रही हूँ । हम लोग कभी साथ पढ़ा करते थे। समीर ने उदासी से कहा -''पर मेरी दीदी अब नहीं रही।' महिला ने कहा -''मैं जानती हूँकि आभा नहीं रही। मुझे बड़ा दुःख हुआ जब मैने खबर सुनी।'' फिर महिला ने सहज होकर कहा -'पर देखो,तुम यूं उदास निराश न हो । वे तुम्हारी आभा दीदी थी तो मैं तुम्हारी आशा दीदी हूँ। आज राखी के दिन तुमसे अच्छी भेंट हो गई । जानते हो समीर! मेरा कोई भाई नहीं है।'तो तुम मेरे छोटे भैया हो। चलो उठो मेरा घर वो सामने कालोनी में है। मै अपने छोटे भैया को राखी बाधूंगी।'' समीर एकदम भाव -- - हो गया। उसका पूरा शरीर एक--- भरभरा गया। उसने, उनके पैर छुते हुए विस्थित स्वर में कहा -''यह कैसा विचित्र संयोग है दीदी?'' आशा दीदी ने उसके सिर पर हाथ रखकर स्नेह युक्त स्वर में कहा - विचित्र संयोग नहीं, छोटे भैया। यह सुखद संयोग है।''

**बालाजी मंदिर के पास**
**स्टेशन पारा राजनांदगांव**

## राशिफल

**मेष** — वालों आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहेगा। आज आपको व्यापार में अच्छा धन लाभ होगा7 आज आपको अपने विचारों के साथ - साथ दूसरे व्यक्तियों के विचारों पर भी गौर देने की जरूरत है। आज आप फैमली के साथ बैठकर कुछ समय मनोरंजन में बिताएंगे, इससे मन प्रसन्न रहेगा और रिश्तों में भी मधुरता आएगी।

**वृष राशि** — आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आज आप अपने संपर्कव में आने वाले हर व्यक्ति के साथ प्रेमपूर्वक व्यवहार करेंगे। आज आपके विचारों में स्थिरता और दृढ़ता रहने से आप अपने कार्यों को अच्छी तरह कर पाएंगे। आज शुभचिंतकों का भरपूर साथ मिलेगा और सामाजिक रुप से मान-प्रतिष्ठा बनी रहेगी।

**मिथुन** — वालों आज का दिन आपके लिए बहुत शानदार रहेगा। आज आपको नौकरी में उन्नति के साथ ङ्क साथ , दूसरी जगह से भी ऑफर आ सकता है7 इस राशि के छात्र आज किसी नये कोर्स को ज्वॉइन करने का मन बना सकते हैं। आज आप जल्दबाजी की बजाए शांति और धैर्य पूर्ण तरीके से काम करेंगें , तो आपके लिए अच्छा रहेगा।

**कर्क** — आज का दिन आपके सुखद बना रहेगा7 आज आपके सोचे हुए काम पूरे होंगे और आप किसी नए काम की शुरुआत भी कर सकते हैं7 आज आपको जीवनसाथी के सहयोग से किसी बड़े काम में सफलता मिलेगी। आप अपनी व्यावसायिक कार्य प्रणाली में कुछ बदलाव लाने की कोशिश करेंगे।

**सिंह** — आज का दिन आपके लिए ठीक ङ्क ठाक रहेगा7 आज आप उन चीजों को महत्व दें जो सच में आपके लिए महत्वपूर्ण हैं, ऐसा करना आपके लिए लाभदायक रहेगा। आज आपको अपने ऑफिस और परिवार के बीच संतुलन बनाकर रखना होगा, जिससे ज्यादा से ज्यादा काम करने का समय मिल सके।

**कन्या** — आज का दिन आपके लिए बेहद खास रहेगा। आज आपको रोजगार में तरक्की के नए अवसर प्राप्त होंगें7 आज रास्ते में जाते समय आपकी मुलाकात किसी ऐसे व्यक्ति से हो सकती है जिसका फायदा आपको भविष्य में अवश्य मिलेगा। आज किसी भी असमंजस की स्थिति में परिवारवालों की सलाह लेना अच्छा रहेगा।

**तुला** — आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहेगा। आज सोसाइटी में आपको अपनी कार्यशीलता के लिए सम्मानित किया जा सकता है। आज आप अगर पार्टनरशिप सम्बन्धित कोई योजना बना रहे हैं तो उससे जुड़े सभी मामलों पर अच्छे से सोच-विचार कर लें। आप स्टाफ की गतिविधियों पर नजर बनायें रखें।

**वृश्चिक** — वालों आज का दिन आपके लिए ठीक ङ्क ठाक रहेगा। आज आप नए बिजनेस या फिर उससे सम्बन्धित किसी योजना पर विचार कर सकते हैं7 आज आपकी अध्यात्म और धर्म - कर्म के कार्यों में भी रुचि बढ़ेगी, जिससे आपको मानसिक सुख की प्राप्ति होगी। आज आपको जीवन से जुडी किसी समस्या से राहत मिलेगी।

**धनु** — वालों आज आपका दिन खुशनुमा रहने वाला है। आज प्राइवेट ऑफिस में कार्यरत व्यक्तियों को उन्नति के अवसर प्राप्त होंगें7 आज आपको कारोबारी मामलों में बहुत सावधानी रखने की जरूरत है। आज आप किसी भी कार्य को करते समय धैर्य और संयम बना के रखें7 आज आपकी रूचि रचनात्मक कार्यों में रहेगी।

**मकर** — आज का दिन आपके लिए राहत से भरा रहेगा। आज आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा, जिससे आपका मन संतुष्ट रहेगा। आज सामाजिक तथा सोसाइटी से सम्बन्धित गतिविधियों में आपके विचारों को विशेष प्राथमिकता मिलेगी। इस राशि के छात्रों को अपने सीनियर से कुछ नया सीखने को मिलेगा।

**कुंभ** — आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहेगा। आज अनुभवी व्यक्तियों का मार्गदर्शन लेना आपके लिए लाभदायक रहेगा। आज किसी विदेशी कम्पनी से जॉब के लिए कॉल आ सकती है। आज आपको कोर्ट ङ्क कचहरी से जुड़े मामलों में राहत मिलेगी7 इस राशि की महिलाएं आज अपने मनपसन्द कार्य को करने में वक्त बिताएंगी।

**मीन** — आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपको बिजनेस में बड़ा लाभ होगा, जिससे आपके घर में खुशियाँ आएँगी। आज आपको अटके हुए धन की प्राप्ति होगी, जिसका उपयोग आप अपने निजी कार्यों में कर सकते हैं7 आज दिन की शुरुआत कुछ व्यस्तता वाली रह सकती है लेकिन अंत में परिणाम बेहतर ही हासिल होंगे।

# बोदेला में महाकाल यात्रा के दौरान युवक की हत्या

राजनांदगांव (दावा)। तुमड़ीबोड़ चौकी क्षेत्र के ग्राम बोदेला में महाकाल यात्रा के दौरान एक युवक की हत्या कर दी गई। पुलिस ने उक्त युवक की हत्या करने वाले विधि से संघर्षरत 6 बालकों को हिरासत में लिया है।

**हत्या करने वाले 6 बालक पुलिस के हत्थे चढ़ा, लिया गया उन्हें अभिरक्षा में**

पुलिस चौकी प्रभारी दिलीप कुमार पटेल ने बताया कि घटना के संदर्भ में प्रार्थी जितेन्द्र बंजारे पिता पूरन बंजारे उम्र 27 वर्ष निवासी सिवनीखुर्द ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि गुरुवार 7 अगस्त की शाम करीबन 7:30 बजे महाकाल रैली ग्राम बोदेला से सिवनीखुर्द की ओर से भ्रमण करने के बाद वापस बोदेला पहुंची। वहां प्रसाद वितरण के समय विधि से संघर्षरत बालकों के द्वारा युवराज बंजारे को हाथ मुक्के व धारदार हथियार से पेट में मारने से चोट आने के कारण उपचार हेतु मेडिकल कॉलेज पेंड्री ले जाया गया जहां डॉक्टर द्वारा मृत्यु होना बताया गया। इस पर मर्ग क्रमांक- 66/25 धारा 194 बीएनएसएस. कायम उपरान्त विधी से सघर्षरत बालको का कृत्य अपराध धारा सदर का पाये जाने से अपराध क्रमाक- 368/25 धारा 103 (1), 192(2) बी.एन.एस. कायम कर विवेचना में लिया गया।

मामले की गंभीरता को ध्यान में रखते हुये मामले की जानकारी तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को दूरभाष के माध्यम से दिया गया जिसमें पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, के निर्देशन व अति. पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के दिये दिशा निर्देश एवं अनुविभागिय अधीकारी डोगरगढ़ आशीष कुंजाम व पुलिस चौकी तुमडीबोड प्रभारी दिलीप पटेल, साइबर सेल उपनिरी. कैलाशचंद मरई के नेतृत्व में पुलिस चौकी तुमड़ीबोड़, व साईबर राजनादगांव साथ टीम गठित कर आरोपियों का लगातार पतासाजी किया गया जिस पर प्रकरण के 6 विधि संघर्षरत बालको से पुछताछ करने पर उनके द्वारा आपसी रंजिश को लेकर युवराज बंजारे की हत्या करना स्वीकार किया गया। इस पर विधि से संघर्षरत बालको को धारा सदर का अपराध घटित करने कर पर्याप्त साक्ष्य पाये जाने से आरोपियों को शुक्रवार 8 अगस्त को संबंधित प्रधान मजिस्ट्रेट, किशोर न्याय बोर्ड में पेश कर सरंक्षात्मक अभिरक्षा लिया गया।


# मानसिक रूप से कमजोर महिला से बलात्कार का आरोपी गिरफ्तार



डोंगरगढ़ (दावा)। डोंगरगढ़ में एक मानसिक रूप से कमजोर महिला के साथ बलात्कार करने वाले आरोपी रजनू कंवर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। पीड़िता ने डोंगरगढ़ थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। अपनी शिकायत में उसने बताया कि 6 अगस्त 2025 को दोपहर 11 से 12 बजे के बीच रजनू कंवर (उम्र 50 वर्ष, पिता स्व. दउवा राम कंवर) ने उसके घर में घुसकर और दरवाजा अंदर से बंद करके उसके साथ बलात्कार किया। चूंकि पीड़िता मानसिक रूप से कमजोर है। आरोपी ने उसकी इस स्थिति का फायदा उठाकर घटना को अंजाम दिया। पीड़िता की रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध मांक 391/2025 के तहत धारा 64(2)(क) और 331(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को तुरंत गिरफ्तार कर लिया।

# शासकीय मदिरा दुकान से शराब की अवैध निकासी

**बोरियों में बड़ी खेप पकड़ाया, नीचे लेकर ऊपर तक सिस्टम में लूप होल**



डोंगरगांव (दावा)। स्थानीय शासकीय मदिरा दुकान से बड़ी मात्रा में शराब को बोरियों में भरकर अवैध निकासी की जा रही है जिसका बड़ा सबूत विगत रात सामने आया है। शराब दुकान के आसपास लोगों ने बोरियों में भरी 523 शराब के बोतलों को पड़कर डोंगरगांव पुलिस के हवाले किया है। बड़ी बात यह है कि एक बड़ा रैकेट इस अवैध धंधे में सक्रिय है और इस पूरे काम को अंजाम देने के लिए नीचे से लेकर ऊपर तक पूरे सिस्टम में लूप होल है। जिसमें सरकारी अधिकारी सहित शराब भट्टी के कर्मचारी भी संलिप्तता उजागर हो रही है।

बता दें कि गुरुवार की रात्रि करीब 10 बजे कुछ लड़कों के द्वारा बोरियों में भरकर शराब की अवैध निकासी की जा रही थी। इसी बीच शराब दुकान के पास आमजनों द्वारा शराब कोचियों को पकड़ा और उनके पास बड़ी बड़ी बोरियों में रखे सैकड़ों नग पव्वा शराब की बोतल को डोंगरगांव पुलिस के हवाले किया।

इस पूरे घटनाक्रम में खुज्जी और करेठी के शराब तस्करी में लगे युवकों का नाम सामने आ रहा है। वहीं इस मामले में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पकड़े गए बोरियों में करीब 523 पव्वा की बॉटल को जब्त किया गया। जबकि आरोपी पुलिस की पकड़ से बाहर हैं।

## खुलेआम हो रहा शराब का अवैध कारोबार

स्थानीय शासकीय शराब दुकान से शराब की अवैध कारोबार की खबरे अनेक बार प्रकाशित की जा चुकी है और मौके में भी उपस्थित हो आबकारी अधिकारियों को इसकी जानकारी दी गई। बावजूद इसके आजतक कोई रोकथाम नहीं किया गया। बल्कि अवैध बिक्री और जोरशोर से चालू हो गया। बीती रात पकड़े गए शराब की बड़ी मात्रा ने अवैध कारोबार का भंडाफोड़ कर दिया। साथ ही सिस्टम के लूप होल को भी उजागर किया है। अब देखना यह है कि इस मामले में पुलिस शराब की अवैध तस्करी में लगे लोगों को पकड़ पाती है या नहीं। वहीं आबकारी विभाग की कार्यशैली तो जग जाहिर है। फिर भी दुकान से हो रहे तस्करी को रोक पाने कहां तक अपना कर्तव्य निभा पाती है। वैसे आबकारी अधिकारियों से उम्मीद तो नहीं के बराबर है।

# पहला कॉलम...

## मोर तिरंगा मोर अभियान यात्रा के प्रभारी नियुक्त हुए

राजनांदगांव (दावा)। भाजपा जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने तिरंगा यात्रा की तैयारी के संबंध में बताया कि 4 अगस्त से लेकर 14 अगस्त तक तिरंगा यात्रा मंडल स्तर पर निकाली जाएगी। इसके लिए संयोजकों की घोषणा हो गई है। 10 अगस्त को सभी मंडलों में बैठक आहूत की गई है। जिसके लिए प्रभारियों की नियुक्ति भी की गई है। जिसके अनुसार राजनांदगांव उत्तर दक्षिण एवं ग्रामीण के पूर्व पश्चिम के लिए जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत जी बैठक लेंगे।

डोंगरगढ़ शहर दिनेश गांधी, डोंगरगढ़ ग्रामीण किरण वैष्णव, घुमका अतुल रायजादा, तिलई मंडल के कैलाश शर्मा, मुसर मुरमुंदा रविंद्र वैष्णव, तुमडीबोड राजेंद्र गोलछा, अर्जुनी मंडल के संयोजक शीला सिन्हा, कुमरदा चंद्रिका डडसेना, गैंदाटोला से श्रीमती जागृति यदु, छुरिया के लिए विनोद खांडेकर, लाल बहादुर नगर के लिए सौरभ कोठारी, तथा डोंगरगांव हेतु मूलचंद लोधी को बैठक एवं आयोजन की तैयारी की महत्वपूर्ण जवाबदारी दी गई है।

## सावन सुंदरी महोत्सव का पुलिस लाईन में हुआ आयोजन



राजनांदगांव (दावा)। सावन का महीना आते ही प्रकृति अपनी सुंदरता और ताजगी के साथ हमें अनायास ही आकर्षित करती है। इस पावन महीने के महत्व को बढ़ावा देने स्थानीय पुलिस लाईन में सावन सुंदरी महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सावन की थीम पर आधारित साज सज्जा और सजावट, सावन के गीतों पर नृत्य और संगीत की प्रस्तुति, सावन से जुड़ी कविता और कहानी सत्र, हरियाली और प्रकृति संरक्षण पर चर्चा, सावन से संबंधित विविध प्रतियोगिताएं आयोजित की गई और विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य सावन की प्राकृतिक सुंदरता और उसके महत्व को समझाना और प्रकृति का संरक्षण और हरियाली के महत्व को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम की संयोजक डॉ. तेजमाला देशमुख ने बताया कि सावन महोत्सव प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी बड़े ही हर्ष एवं उल्लास के साथ मनाया गया। सबके चेहरे पर एक अलग ही उत्साह देखते ही बन रहा था। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में पुलिस लाईन की सभी महिलाओं का भरपूर सहयोग मिला। जिसमें प्रमुख रूप से पूर्णिमा साहू, जमुना साहू, शीला डहरिया, कंचन तारम, ललिता सलामे, ललिता साहू, खेमलता साहू, श्यामा देशमुख, चुरेन्द्र, खिलेश साहू, मंजु हिरवानी, हेमिन चंद्रवंशी, रंजना साहू, तरुणा निर्मलकर, ज्योति ठाकुर, पूर्णिमा मंडावी, पम्मी देशमुख, हिमांशी देशमुख सहित बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुई।

## वृक्षों को राखी बांधकर लिया सुरक्षा का संकल्प : राजनांदगांव के छात्रों ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



राजनांदगांव (दावा)। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तिलईरवार के विद्यार्थियों ने शुक्रवार 8 अगस्त को एक अनूठी पहल करते हुए पेड़-पौधों को राखी बांधी और उनकी सुरक्षा का संकल्प लिया। यह कार्यक्रम विद्यालय के यूथ एवं इको क्लब द्वारा आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य छात्रों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना था।

यूथ एवं इको क्लब के प्रभारी शिक्षक थंगेश्वर कुमार साहू के मार्गदर्शन में, सभी छात्र-छात्राओं ने विद्यालय परिसर में लगे पौधों को राखी बांधी। इस दौरान उन्होंने यह शपथ ली कि वे न सिर्फ स्कूल परिसर में बल्कि अपने गांव और घरों में भी पेड़-पौधे लगाएंगे और उनकी देखभाल करेंगे। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य अशीम कुमार यदु और समस्त स्टाफ सदस्य भी उपस्थित थे। उन्होंने छात्रों के इस प्रयास की सराहना की और कहा कि 'पेड़ है तो कल है' का नारा सिर्फ एक नारा नहीं, बल्कि हम सभी के जीवन का आधार है। यह कार्यक्रम छात्रों को पर्यावरण की रक्षा के लिए प्रेरित करने में महत्वपूर्ण रहा।

# युवकों का गैंग कर रहा मारपीट, रोकथाम की दरकार



डोंगरगांव (दावा)। थाना क्षेत्र में नशाखोरी, आपराधिक गतिविधि और चोरी जैसे मामले बढ़ते जा रहे हैं। इन अपराध को अंजाम देने वाले लोगों को मिली छूट का नतीजा है कि नगर सहित आसपास के क्षेत्र में आपराधिक गतिविधियां चरम पर है। नशे के सामानों की अवैध बिक्री हो या लूटपाट खूब फलफूल रहा है। क्षेत्र में आए दिन मारपीट, डराना, धमकाना या चाकूबाजी की घटना आम हो गई है। ऐसा ही मामला मोक्षधाम सांकरदहारा सामने आया। जहां डोंगरगांव के कुछ युवकों का गैंग सांकरदाहरा पहुंचकर मारपीट करते हैं और डराते धमकाते हैं। सूत्रों को माने तो सांकरदाहरा और आसपास के क्षेत्र में लोग नशाखोरी के काम मे लिप्त हैं और उनके संपर्क डोंगरगांव सहित अन्य शहरों से भी है।

**सांकरदाहरा में भी कुछ लोग हुए गैंगवॉर के शिकार, आवेदन के इतर एफआईआर**

मिली जानकारी ले अनुसार 6 अगस्त को सांकरदाहरा के एक मनिहारी दुकान में दो लड़के कुछ सामान लेने पहुंचे थे। जहां काम करने वाले हीरेन्द्र मंडावी ने उन्हें कुछ देर रुकने कहा। जिस पर इन लड़कों ने हीरेन्द्र को माँ बहन की गंदी गाली दी और जानलेवा हमला कर दिया, जिसके बाद वहां के अन्य दुकानदारों ने मारपीट कर रहे लड़कों से उसे छुड़वाया। इस मामले में 7 अगस्त को डोंगरगांव थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई। डोंगरगांव पुलिस ने इस आधार पर दो आरोपी दिव्यांशु मंडावी 22 वर्ष और गेंदलाल पटेल 24 वर्ष के विरुद्ध बीएनएस की धारा 296, 115(2), 351(2), 3(5) के तहत कार्यवाही करते हुए जेल दाखिल कराया गया था। इस मामले से नाराज आरोपियों के साथियों ने एक बार फिर देर रात सांकरदाहरा पहुंचकर डराने धमकाने और मारपीट जैसी घटना को अंजाम दिया। इस घटना में तीन युवकों प्रियांशु साहू, हिरेंद्र ठाकुर और यशवंत ठाकुर को गंभीर चोट आई है। जानकारी के अनुसार बड़ी बात यह है कि प्रार्थी की ओर से उनके परिजनों ने जो आवेदन दिया था। उसके आधार पर अपराध पंजीबद्ध न कर लड़के को प्रार्थी बनाते हुए अपराध पंजीबद्ध किया गया है। जिसके तहत केवल चार युवकों राजेन्द्र यादव, अक्षय गुप्ता, सुजल मोगरे, राकेश मंडावी सभी निवासी डोंगरगांव के विरूद्ध बीएनएस की धारा 296, 115(2), 351(2), 3(5) के तहत कार्यवाही करते हुए आरोपी बनाया गया है। जबकि आवेदन के अनुसार उसकी दुकान में डोंगरगांव से 15-20 लड़के पहुंचे और मारपीट के साथ लूटमार किये और आवेदन में बकायदा इस अपराध में शामिल वाहनों का नंबर भी दिया था लेकिन इसका उल्लेख दर्ज एफआईआर में नहीं किया गया है।

# शराब पीकर अपने परिवार को परेशान करने वाले के विरुद्ध की गई प्रतिबंधात्मक कार्यवाही



डोंगरगढ़ (दावा)। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, एएसपी राहुल देव शर्मा व एसडीओपी डोंगरगढ़ आशीश कुंजाम के दिशा-निर्देश में थाना प्रभारी डोंगरगढ़ निरीक्षक उपेन्द्र कुमार शाह द्वारा थाना क्षेत्र में अपराध के रोकथाम हेतु एवं शहर में शांति एवं साम्प्रदायिक सौहार्द्र बनाये रखने हेतु अपने टीम के साथ लगातार गस्त पेट्रोलिंग कर अवैध गतिविधियों एवं संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रख रही है।

अनावेदक जग्गु ढिमर पिता स्व. रामेशर ढीमर उम्र 57 साल निवासी भगत सिंग वार्ड नं.- 18, रितेश मंडावी पिता स्व. शंकर मंडावी उम्र 36 साल निवासी नीचे मंदिर बम्लेश्वरी मंदिर के पास वार्ड नंबर-11, मोनिश ढिमर पिता संतोश ढिमर उम्र 22 साल निवासी भगत सिंग चौक वार्ड नंबर-22 डोंगरगढ के विरूद्ध इस्तगाशा क्रमांक-86/132/2025, 87/133/2025, 88/134/2025 धारा- 170, 125, 135(3) बीएनएसएस के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही किया गया है। थाना डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा लगातार आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों, बदमाशों, असामाजिक तत्वों, संदेहीयों पर नजर रख रही है। यदि कोई थाना क्षेत्र में शांति भंग करता है या कोई अपराध घटित करता है तो उस पर तत्काल वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।

# शहर में सड़कों पर खुलेआम घूम रहे मवेशियों से हो रही दुर्घटनाओं, जाम की समस्या और गंदगी से पूरा नगर परेशान है



छुईखदान (दावा)। राजनांदगाव- कवर्धा मार्ग जो 24 घंटे व्यस्त रहता है जहां से हर जिम्मेदार अधिकारी रोज अपनी आँख बंद कर निकल जाते है, मवेशियों का कब्जा हो गया है। तथाकथित अपने आप को गौ सेवक बताने वाले लोग भी सड़क पर बैठे हुए मवेशी को कभी हटाते हुए आज तक किसी को नजर नहीं आते है। बड़ी गाड़ी के चपेट में आने से मवेशी के मौत होने पर आंसू बहाने जरूर आ जाते हैं। आवारा पशु जिसे कुछ बेरोजगार लोग दूसरे राज्य में बेचकर अपना रोजगार जीवन यापन के लिए भेजते हैं, उसे पकड़कर अपना वाहवाही बटोरते हैं। बल्कि आवारा पशुओं की समुचित व्यवस्था करते व शासन को चाहिए कि हर गांव में गौशाला एवं कांजी हाउस का समुचित व्यवस्था हो जिसमें इन आवारा पशुओं को रखा जाए और सड़क पर केवल यात्री ही चले ना की जानवर शहर के मुख्य मार्गों के अलावा गली-मुहल्लों में भी मवेशियों का कब्जा रहता है। मवेशी पूरी तरह सड़क को जाम कर देते हैं। वहां से पैदल निकलना भी खतरा से खाली नहीं होता। कई बार मवेशी आपस में भिड़ जाते हैं, जिससे आसपास के लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

**सड़क पर मवेशियों के विचरण के चलते एवं मुख्य मार्गो पर बैठे रहने से, हर रोज दुर्घटनाएं हो रही हैं**

वही मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं की एक प्रमुख वजह निराश्रित मवेशी हैं। जिन्हें नियंत्रित करने के लिए सभी संबंधित विभागों को त्वरित, ठोस और समन्वित कार्ययोजना के साथ आगे बढ़ना होगा। लेकिन मुख्यमत्री के नियम और कानून का असर अधिकारियों के ऊपर होते नहीं दिखाए दे रहा है।

# राहुल गांधी ने खोला सत्ता संरक्षित चुनावी षड्यंत्र का भंडाफोड़



डोंगरगढ़ (दावा)। छत्तीसगढ़ लोधी समाज के प्रदेश कोषाध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता विष्णु लोधी ने बेंगलुरु सेंट्रल लोकसभा क्षेत्र में सामने आए 1,00,250 वोटों की चोरी के मामले को लेकर गंभीर चिंता और आक्रोश व्यक्त किया है। विष्णु लोधी ने कहा फर्जी मतदाता, डुप्लिकेट वोट, फॉर्म-6 का दुरुपयोग और एक ही पते पर कई मतदाता ये सब लोकतंत्र की आत्मा को छलनी करने वाले संकेत हैं।विष्णु लोधी ने कहा वोट चोरी सिर्फ एक पार्टी या उम्मीदवार का नुकसान नहीं है। यह देश के संविधान, हर नागरिक के अधिकार और लोकतंत्र की पवित्रता पर हमला है। यह सिर्फ चुनावी धांधली नहीं, बल्कि जनता के विश्वास की हत्या है।

**1 लाख वोटों की चोरी, लोकतंत्र को लूटा जा रहा है - विष्णु लोधी**

विष्णु लोधी ने कहा कियह सिर्फ एक विधानसभा में 1 लाख से अधिक वोटों की चोरी है। सोचिए पूरे देश में कितनी बड़ी लोकतांत्रिक लूट मचाई जा रही होगी। यह केवल निर्वाचन आयोग की विफलता नहीं है। बल्कि सरकार की नैतिक और संवैधानिक जिम्मेदारी भी बनती है। क्या इतनी बड़ी गड़बड़ी सत्ता की जानकारी के बिना संभव है। वोट चोरी के इस बड़े घोटाले का खुलासा एसीसी के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने किया है। विष्णु लोधी ने बताया कि इस गंभीर साजिश को पकड़ने में राहुल गांधी और उनकी टीम को पूरे 6 महीने लगे। यह किसी सामान्य प्रशासनिक गलती का मामला नहीं, बल्कि लोकतंत्र के मूलाधिकार वोट के अधिकार की सुनियोजित लूट है।उन्होंने आगे कहा अगर सरकार की नीयत साफ है तो वह खुद इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच करवाए और दोषियों को सजा दिलाए। लेकिन यदि सरकार अब भी चुप है तो यह स्पष्ट है कि यह सब कुछ सत्ता संरक्षण में ही हुआ है।

## पूरे प्रकरण की उच्चस्तरीय जांच करवाई जाए - विष्णु लोधी

मतदाता सूची की पुनः सत्यापन प्रक्रिया शुरू की जाए।और भविष्य में इस प्रकार की धोखाधड़ी को रोकने के लिए पारदर्शी और तकनीकी समाधान अपनाए जाएं। हम न केवल इस अन्याय के खिलाफ आवाज़ उठाएंगे। बल्कि जन-जन को जागरूक कर लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष करेंगे।

# जिले में हर घर तिरंगा 2025 का आगाज, 2 से 15 अगस्त तक किया जाएगा आयोजन



खैरागढ़ (दावा)। जिले में 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 'हर घर तिरंगा' कार्यक्रम का आयोजन 2 से 15 अगस्त तक तीन चरणों में किया जाएगा। कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के सभी नागरिकों को अपने घरों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए प्रेरित किया जाएगा। जिससे आमजनों में देशभक्ति और राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान की भावना में वृद्धि हो सके। उल्लेखनीय है कि 'हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता, स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग' थीम पर आधारित यह कार्यक्रम तीन चरणों में संपन्न होगा। प्रथम चरण का आयोजन 2 से 8 अगस्त, द्वितीय चरण 9 से 12 अगस्त, और तृतीय चरण 13 से 15 अगस्त तक किया जाएगा। इस दौरान समस्त शासकीय भवनों एवं संस्थानों, आवासीय भवनों में तिरंगा फहराया जाएगा। भवनों को रोशनी से सजाया जाएगा। रंगोली बनाई जाएगी और सेल्फी जोन तैयार किए जाएंगे। यह अभियान नागरिक एकता और सामूहिक उत्सव की भावना पर आधारित है, जिसमें स्वतंत्रता के साथ-साथ स्वच्छता और जल संरक्षण के संकल्प को भी समाहित किया गया है।

**हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता: स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग थीम पर केंद्रित होगा कार्यक्रम**

'हर घर तिरंगा' कार्यक्रम 2025 अंतर्गत 2 से 8 अगस्त तक प्रथम चरण में विद्यालयों और सार्वजनिक स्थलों को तिरंगा आर्ट से सजाया जाएगा। इस दौरान रंगोली प्रतियोगिताएं, तिरंगे के स्थानीय इतिहास पर प्रश्नोत्तरी, तिरंगा राखी निर्माण हेतु कार्यशालाएं एवं प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। साथ ही सार्वजनिक स्थानों पर तीन रंगों के धागों से तिरंगे की बुनाई का प्रदर्शन भी होगा। विद्यालयों में तिरंगे के मूल्यों और उसकी भावना से प्रेरित पत्र लेखन प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इसी तरह 9 से 12 अगस्त द्वितीय चरण के दौरान सार्वजनिक स्थलों पर जनसहभागिता से तिरंगा मेला और तिरंगा कंसर्ट का आयोजन किया जाएगा। जिसमें जनप्रतिनिधियों सहित विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिभाशाली व्यक्तियों और खिलाड़ियों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। तिरंगा कंसर्ट में देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त तिरंगा रैली, बाइक और साइकिल रैली का आयोजन भी किया जाएगा। इसी तरह 13 से 15 अगस्त तक तृतीय चरण में शासकीय भवनों, शैक्षणिक संस्थानों, होटलों, कार्यालयों, बांधों एवं पुलों पर तिरंगा फहराया जाएगा तथा रोशनी की जाएगी। इस अवधि में स्वच्छता और जल संरक्षण से संबंधित विविध गतिविधियां भी संपन्न की जाएंगी।

# फर्जी सिम एजेंट हुआ गिरफ्तार, भेजा गया जेल



डोंगरगांव (दावा)। आमजनो के महत्वपूर्ण दस्तावेज से फर्जी तरीके से सिम एक्टिव करने के मामले में एक युवक की गिरफ्तार किया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार वरिष्ठ कार्यालय से प्राप्त पीओएस फर्जी सिम धारक पीओएस संचालको के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया हैं। विवेचना के दौरान आरोपी ईशु पटेल पिता सोहल लाल पटेल उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम कोनारी थाना डोंगरगांव का पता तलाश कर पूछताछ किया गया। आरोपी ने बताया कि ग्राम मारगांव निवासी दुर्गेश कुमार, हेमलता साहू, शिव कुमार सिन्हा के नाम पर नया सिम का ऑफर एक महीने का रिचार्ज फ्री मिलेगा। ऐसा लालच देकर सिम नये नंबर 7400582421, 7400597521, 7400981921, 7400942821, 8269443321 को एक्टीवेट किया। सिम को अपने मोबाइल नंबर 7389776585 से मित्रा ऐप चलाकर सिम चालू करना व जुर्म स्वीकार किया। आरोपी के कब्जे से एक पोक्को मोबाइल जप्ती कर आरोपी को ज्युडिशियल रिमांड पर भेजा गया हैं। उपरोक्त कार्यवाही मे थाना प्रभारी डोगरगांव जितेन्द्र वर्मा आर. गौरव शेंडे, दीपक जाटव, चन्द्रपाल घृतलहरे की भूमिका सराहनीय रही।

# सन सिटी अध्यक्ष आनंद चोपड़ा ने की नई कार्यकारिणी गठित






राजनांदगांव (दावा)। शहर की सबसे लोकप्रिय सोसायटी महावीर सन सिटी के दूसरी बार अध्यक्ष बने आनंद चोपड़ा ने सर्वसम्मति से अपनी समिति का गठन कर लिया है। जिसमें आशीर्वादक संरक्षक मंडल में मिश्रीलाल गोलछा, राकेश ठाकुर, गोपाल खंडेलवाल राजेश गुप्ता अग्रहरि, मनोज चितलांग्या, विनोद बोहरा शामिल हैं। साथ ही कार्यकारी अध्यक्ष सुशील माहेश्वरी, उपाध्यक्ष विनय गोयल, परेश पटेल, प्रवीण गुप्ता, अमित बिंदल होंगे। सचिव दिलीप गोलछा के साथ सहसचिव विनय बिंदल, विशाल शर्मा को बनाया गया है। कोषाध्यक्ष राजेश डागा एवं सह कोषाध्यक्ष दिलीप सांखला (सीए) हिसाब निरीक्षक राजेंद्र सांखला, विधि सलाहकार सुमंत बक्शी, खेलकूद प्रभारी सारंग पहाड़े, नरेश खोटले इसके अलावा सांस्कृतिक प्रभारी अशोक अग्रवाल, राहुल कोठारी होंगे। पीआरओ मनीष साहिता व कुणाल शर्मा होंगे। कार्यकारिणी सदस्यों में गोविंद मलानी, रतन पटेल, अंकुर जैन, टीकम पारख, दिलीप खंडेलवाल, हरीश गांधी, अक्षय सांखला, कमल किशोर साहू, गुरभेज सिंह, आशीष डागा, अनूप अग्रवाल, राहुल अग्रवाल होंगे।

इस सत्र में महिला कार्यकारिणी भी गठित की गई है जिसमें नीलू अग्रवाल, कीर्ति अग्रवाल, दीप्ति बिंदल, पिंकी माहेश्वरी, रूपाली गांधी, रितिका तिवारी प्रियंका गोलछा, रुचि श्रीवास्तव होंगे। आगामी कार्यक्रमों में स्वतंत्रता दिवस, श्री कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव के बाद गणेश चतुर्थी महापर्व को भव्य रूप से मनाने की प्रारंभिक तैयारी शुरू कर दी गई है। यह जानकारी पीआरओ मनीष साहिता कुणाल शर्मा द्वारा दी गई।

# रक्षाबंधन पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से मिले दिव्यांग बच्चे, बांधी राखी और साझा की मुस्काने



रायपुर (दावा)। रक्षाबंधन पर दिव्यांग बच्चों से मिलकर डॉ. रमन सिंह ने मनाया भावनाओं का पर्व रक्षाबंधन के पावन अवसर पर आज विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने एग्जैक्ट फाउंडेशन, रूद्री (धमतरी) के दिव्यांग आवासीय विद्यालय से आए नन्हें-मुन्ने बच्चों से निवास कार्यालय में मुलाकात की। बच्चों ने बड़े उत्साह और प्रेम से डॉ. रमन सिंह की कलाई पर राखी बांधकर अपना स्नेह व्यक्त किया। डॉ. रमन सिंह ने बच्चों से आत्मीय बातचीत की, उनके हाल-चाल पूछे और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों के लिए रायपुर स्थित वेंकटेश इंटरनेशनल में विशेष रात्रिभोज का आयोजन किया और मिठाइयां वितरित कर उनके चेहरों पर मुस्कान बिखेरी। इस मिलन ने पुरानी यादें भी ताज़ा कर दीं। मुख्यमंत्री रहते हुए भी डॉ. रमन सिंह को एग्जैक्ट फाउंडेशन के दिव्यांग बच्चों ने 5000 दिनों की राखी बांधकर एक ऐतिहासिक क्षण बनाया था। आज का यह अवसर उस अनूठे रिश्ते का पुनः स्मरण था। बच्चों के प्रति अपने स्नेह को व्यक्त करते हुए विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा इन मासूम चेहरों की मुस्कान और कलाईयों की राखी मेरे जीवन की अमूल्य धरोहर है। ये बच्चे केवल मेरे भाई-बहन नहीं, बल्कि प्रेरणा के स्रोत हैं।

# वार्ड स्तर की अंतिम बैठक 10 को

राजनांदगांव (दावा)। नगर कोसरिया यादव समाज राजनांदगाँव के द्वारा भगवान श्रीकृष्ण जी के जन्मोत्सव पर शोभायात्रा को भव्य एवं आकर्षक बनाने हेतु समाज के संगठन प्रभारी भोला यादव ने बताया कि जो बैठक दिनांक 13 जुलाई को बसंतपुर से प्रारंभ होकर शहर के विभिन्न वार्डो में होते हुए 10 अगस्त दिन-रविवार को गौरीनगर के सामुदायिक भवन में दोपहर 2 बजे से भगवान श्रीकृष्ण जी की पूजा-अर्चना कर बैठक का शुभारंभ किया जायेगा जो शाम 5 बजे समाप्त होगी। इस बैठक में प्रमुख रूप से राजनांदगाँव के पदाधिकारीगण, वरिष्ठगण, सरंक्षकगण, महिला मंडल, वार्ड अध्यक्ष, युवा मंडल सहित समस्त समाज के सदस्यगण उपस्थित रहेंगे।

# राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा स्वच्छता अभियान आयोजित



डोंगरगढ़ (दावा)। शासकीय कुंज बिहारी चौबे महाविद्यालय, लाल बहादुर नगर में प्राचार्य डॉ. आर. के. ठाकुर के निर्देशन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी अरुण कुमार साहू के मार्गदर्शन में स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। यह अभियान महाविद्यालय परिसर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने के उद्देश्य से चलाया गया।

स्वयंसेवकों द्वारा महाविद्यालय ग्राउंड में उगे खरपतवारों को हटाया गया एवं गार्डन की सफाई की गई। इस अवसर पर सभी स्वयंसेवकों ने परिसर को स्वच्छ बनाए रखने का संकल्प भी लिया। कार्यक्रम में तिलक, हिरेंद्र, डेकेश्वर, रितेश, हेमप्रकाश, पुनीता, खेमलता सहित कुल 45 स्वयंसेवकों की सक्रिय उपस्थिति रही। कार्यक्रम अधिकारी श्री साहू ने बताया कि स्वच्छता केवल एक दिन का कार्य नहीं बल्कि यह सतत प्रक्रिया है, जिसे प्रत्येक छात्र को अपनी दिनचर्या में अपनाना चाहिए।

# टटेंगा में पालक शिक्षक बैठक का आयोजन



बच्चों का सर्वांगीण विकास ही उद्देश्य

टटेंगा (दावा)। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में 6 अगस्त 2025 को पालक शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष टूमन साहू एवं चंद्रशेखर उर्वशा थे।

साथ ही कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के प्राचार्य आर.देवांगन सर द्वारा किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा का पूजा अर्चना कर की गई। प्रथम पालक शिक्षक बैठक के उद्देश्य की जानकारी सुश्री एंथोनी द्वारा प्रदान किया गया। प्राचार्य जी द्वारा पालकों को संबोधित करते हुए बच्चों के सर्वांगीण विकास ही एकमात्र लक्ष्य है। तत्पश्चात सभी शिक्षकों द्वारा शासन द्वारा दिए गए बिंदु पर प्रकाश डाला गया। जैसे पोक्सो एक्ट मेरा कोना बच्चा बोलेगा बेझिझक एकेडमिक प्रगति, पाकसो एक्ट इत्यादि। मुख्य अतिथि श्टूमन साहू द्वारा पालकों को संबोधन किया गया।

इस बैठक की महत्ता को समझने और छात्रों को संस्कारवान और ज्ञानवान बनाने हेतु प्रेरित किया गया। इस कार्यक्रम में श्रीमती रेशमी साहूव्यख्याता द्वारा छात्र दिनचर्या एवं स्वास्थ्य परीक्षण विषय पर प्रकाश डाला गया।

इस कार्यक्रम में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, पूर्व माध्यमिक शाला, प्राथमिक शाला टटेंगा के समस्त व्याख्याता एवं शिक्षक गण ग्राम टटेंगा के पालक उपस्थित हुए। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता श्रीमती रेशमी साहू द्वारा किया गया।

# मेरा युवा भारत द्वारा आयोजित की गई कार्यशाला



मेरा युवा भारत द्वारा आयोजित की गई

ठेलकाडीह (दावा)। मंगलवार को मेरा युवा भारत राजनांदगांव (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा जिले के कान्फ्लुएंस कॉलेज ऑफ हॉयर एजुकेशन पारीकला राजनांदगांव में युवाओं को केंद्र एवं राज्य सरकार की प्रमुख योजनाओं की जानकारी देने एवं अवगत कराने हेतु एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय की प्राचार्या महोदया डॉ. रचना पांडे उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत मा सरस्वती की पूजा अर्चना कर शुरुवात की गयी। कार्यक्रम के शुरुवात में जिला युवा अधिकारी शुभजीत डे ने सभी युवाओं को कार्यक्रम के रूप रेखा के संबंध में जानकारी प्रदान की। उसके पश्चात विजय मानिकपुरी कार्यक्रम अधिकारी कान्फ्लुएंस कॉलेज ऑफ हॉयर एजुकेशन ने सभी संसाधन व्यक्तियों एवं युवाओं का स्वागत किया। कार्यक्रम में संसाधन व्यक्ति के रूप में ऐश्वर्या साव, जिला परियोजना समन्वयक, राजनांदगांव ने प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत आयुष्मान भारत योजना के संबंध में युवाओं को जानकारी उपलब्ध कराई। जन आयुष्मान कार्ड योजना के अंतर्गत किस तरह से अपना पंजीयन करा सकते है साथ ही जरूरत के समय कैसे कार्ड के माध्यम से अपना उपचार करा सकते है। उसके संबंध में जानकारी उपलब्ध कराई इसके अलावा उन्होंने वय वंदना योजना के संबंध में भी जानकारी उपलब्ध कराई। प्रधान मंत्री कौशल केंद्र से रूपेश देवांगन क्षेत्रीय निदेशक उपस्थित रहे। जिन्होंने पीएम कौशल योजना के अंतर्गत युवाओं के लिए विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की एवं कौशल केंद्र में चल रहे विभिन्न कोर्स के संबंध में जानकारी प्रेषित की। जिला पंचायत से डॉ. छोटेलाल साहू निदेशक जिला समन्वयक, स्वच्छ भारत ग्रामीण मिशन राजनांदगांव उपस्थित रहे। जिन्होंने जल जीवन मिशन एवं स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत हो रहे विभिन्न कार्यो की जानकारी प्रेषित की।

उन्होंने पानी के बचाव के विभिन्न तरीकों से युवाओं को अवगत कराया एवं जल संरक्षण हेतु ग्रामीण क्षेत्र में किए जाने वाले विभिन्न प्रकियों के सम्बद्ध मैं चर्चा की। तेजस्वी वर्मा पीएम मुद्रा योजनाओं की जानकारी देने हेतु उपस्थित रहे। उन्होंने पीएम मुद्रा योजना के अंतर्गत बताया कि प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) का लक्ष्य छोटे व्यवसायों और पहली पीढ़ी के उद्यमियों के बीच उद्यमशीलता गतिविधियों को बढ़ावा देना है। यह योजना विभिन्न विकास चरणों में व्यवसायों को पूरा करने और उनकी आवश्यकताओं के अनुसार वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए तीन उत्पाद प्रदान करती है। जिसके माध्यम से युवा अपने नए व्यवसाय के लिए मुद्रा योजना का लाभ उठा सके है। पीएम कौशल केंद्र से रितेश श्रीवास्तव उपस्थित रहे। जिन्होंने पीएम विश्वकर्मा योजना के सम्बद्ध में युवाओं को जानकारी उपलब्ध कराई। कार्यक्रम के समापन में सभी संसाधन व्यक्ति का सम्मान स्मृति चिन्ह भेंटकर किया गया। मेरा युवा भारत की और से शुभजीत डे, जिला युवा अधिकारी, तपन साहू, लेखा एवं कार्यक्रम सहायक, गोविंद साहू, एमटीएस एवं लोकेश यादव उपस्थि रहे।

# चवेली के ग्रामीणों पर एफआईआर करना गलत - नोमेश वर्मा



राजनांदगांव (दावा)। सोमवार को एबीस द्वारा मुर्गी के आपशिष्ट को ग्राम चवेली में डंप करने से गाँव में होने वाली समस्या के बारे में प्रशासन को अवगत करने बड़ी संख्या मे ग्रामीण पहुंचे थे।

जिनपर कोतवाली पुलिस द्वारा ग्रामीणों पर एफआईआर की कार्यवाही को गलत बताते हुए प्रतिक्रिया देते हुए भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष नोमेश वर्मा ने इसे अव्यवहारिक तथा गलत बताया तथा आगे कहा की लंबे समय से ग्रामीण व क्षेत्रवासी चवेली मे मुर्गी के अपशिष्ट के डंप को लेकर शिकायत करते रहे लेकिन बावजूद इसके आज तक डंप करना बंद नहीं हुआ। जिसे देखते हुए ग्रामीणों ने बड़ी संख्या मे पहुंचकर अपना विरोध दर्ज कराया है। इस अपशिष्ट से ना केवल चवेली ही बल्कि आसपास 5किमी तक बदबूदार हवा फैलती है। जिसपर मैंने पहले भी शिकायत दर्ज किया था बावजूद इसके आज तक इस पर प्रशासन ने कोई कार्यवाही नहीं किया।

आगे श्री वर्मा ने कहा की प्रशासन को मुर्गी के अपशिष्ट डंप करने वाले पर एफआइआर करते हुए कार्यवाही करना था लेकिन प्रशासन ग्रामीण को डराने और कंपनी को बचाने के उद्देश्य से ग्रामीणो पर ही एफआईआर करना न्यायोचित नहीं है। क्योंकि ग्रामीण अपने अधिकार के लिए लड़ रहे है जिससे उनको स्वच्छ वायु और पानी मिल सके। स्वच्छ पानी और वायु का अधिकार भारतीय संविधान की अनुच्छेद 21 के तहत प्रत्येक व्यक्ति का अधिकार है। इसलिए पुलिस की कार्यवाही गलत है। जल्द ही आस पास के ग्रामीणो द्वारा बैठकर कंपनी और पुलिस कार्यवाही के विरोध मे प्रदर्शन करेंगे।

# दिग्विजय महाविद्यालय में मनाई गई तिलक जयंती



राजनांदगांव (दावा)। प्राचार्य श्रीमती डॉ. सुचित्रा गुप्ता के निर्देशन एवं विभागाध्यक्ष डॉ. अमिता बक्शी के मार्गदर्शन में राजनीति विज्ञान में तिलक जयंती का आयोजन किया गया। विभागाध्यक्ष द्वारा बताया गया की तिलक का भारतीय संस्कृति एवं परंपरा पर आधारित दर्शन ही उन्हें स्वराज प्राप्ति हेतु प्रेरित करता है।

आगे उन्होंने बताया की किस प्रकार से उन्होंने जनमानस को राष्ट्रीय आंदोलन से जोड़ने सार्वजैनिक गणेश उत्सव शुरू किया तथा सामान्य लोगों को आपस में जुड़ने के लिए एक मंच दिया, जिससे वे एक दुसरे के विचारों को साझा कर सके और आपस में विचार विमर्श कर स्वराज्य हसिल करने का मार्ग प्रशस्त कर सके। तिलक ने ''स्वराज्य मेरा जन्म सिद्ध अधिकार है और मैं इसे लेकर ही रहूंगा'' का नारा दिया था। विषय परिवर्तन करते हुए श्री संजय सप्तऋषि ने बताया की स्वतंत्रता आंदोलन में गरम दल की विचारधरा का प्रतिनिधित्व करने वाले तिलक का जन्म 23 जुलाई 1856 को रत्नगिरी महाराष्ट्र में हुआ था, उन्होंने अंग्रेजी भाषा में मराठा एवं मराठी में केसरी पत्र निकाले।

उन्होंने गीता रहस्य, द आर्कटिक होम ऑफ़ द वेदास, द ओरिओन आदि पुस्तक लिखी थी। भारतीय असंतोष के जनक तिलक ने स्वराज प्राप्ति के लिए स्वदेशी एवं सुशासन को महत्वपूर्ण बताया। साथ ही डॉ. राजकुमार बंजारे ने बताया की भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन और भारतीय सामाजिक परिवर्तन में तिलक जी का बहुत महत्वपूर्ण योगदन रहा है।

# चुनावों में हार से कांग्रेस फड़फड़ा रही - शरद सिन्हा



कहा - कांग्रेसियों के सरदार मानसिक संतुलन को बैठे हैं

राजनांदगांव (दावा)। शहर के भाजपा नेता शरद सिन्हा ने कांग्रेस के खिलाफ बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव लोकसभा चुनाव नगरी निकाय चुनाव और त्रिस्तरी पंचायती राज व्यवस्था के चुनाव में करारी हार के बाद से कांग्रेस फिर से सत्ता पाने के लिए फड़फड़ा रही है वह विपक्ष की भूमिका भी लोकतांत्रिक रीति रिवाज के अनुसार नहीं निभा पा रही है। सत्ता पक्ष भाजपा पर तरह-तरह के झूठे आरोप लगाकर अपनी हंसी खुद उड़ा रही है। समझदार जनता उनकी हरकतों पर रोज हंस रही है।

श्री सिन्हा ने आगे कहा कि सच तो यह है कि कांग्रेसियों के सरदार अपना मानसिक संतुलन खो बैठे हैं। कभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ तो कभी सेना के खिलाफ आनगर्ल बयान बाजी करके देश के अहित में बयान देते है। भाजपा राष्ट्रवादी पार्टी है सबका साथ सबकी विकास का सोच रखकर कार्य करती है। महतारी वंदन योजना से भाजपा को बहुत अच्छा प्रतिसाद मिलने से बौखला गई है।

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय नीत भाजपा सरकार हाफ बिजली योजना से मुक्त बिजली योजना की ओर जनता को प्रेरित कर रही है ऐसे समय में कांग्रेस यह बकवास कर रही है कि बिजली बिल बढ़ाकर महतारी वंदन का पैसा दे रही है। उन्होंने कहा कि ऐसे बयानों पर जनता कांग्रेस पर हस्ती है। भाजपा सरकार महिलाओं को विशेष सम्मान दे रही है महतारी वंदन इसका सबसे बड़ा उदाहरण है उनके खाते में हर महा 1000 रुपये डाला जा रहा है। उससे कांग्रेस को चीड हो गई है। विपक्ष की स्वस्थ भूमिका रहती तो कांग्रेस यह नहीं कहती की बिजली बिल की दर बढ़कर महतारी वंदन का पैसा दे रही है। उन्होंने ने आगे कहा कि यह कटु सत्य है कि कांग्रेस की योजनाओं से जनता बिल्कुल भी खुश नहीं थी। इसलिए उसे विभिन्न चुनाव में बुरी तरह जानकारी दिया गया कांग्रेस सत्ता में आकर निरंकुश हो जाती है। जबकि भाजपा सत्ता में आकर भी स्वयं को जनता का सेवक समझती है और इसी रूप में काम भी करती है।

# खीरे की बम्पर पैदावार होने से बदल गई किसान सुरेश सिन्हा की तकदीर

- खीरे की खेती से लगभग 2 लाख 50 हजार रूपए का हुआ फायदा
- यहां का खीरा उत्तरप्रदेश, ओड़िशा एवं कोलकाता तक जा रहा
- धान के बदले सब्जी की खेती करने से हो रहा अधिक लाभ



राजनांदगांव (दावा)। धान के बदले उद्यानिकी फसल लेने तथा खीरे की बम्पर पैदावार होने से किसान सुरेश सिन्हा की तकदीर बदल गई है। शासन की किसान हितैषी योजनाओं का भरपूर लाभ लेते हुए राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम गातापार खुर्द के किसान सुरेश सिन्हा ने 5.5 एकड़ में उद्यानिकी फसल खीरा लगाई है।

किसान सुरेश सिन्हा ने बताया कि 15 से 20 रूपए प्रति किलो में बिक्री हो रही है और उनको खीरे की खेती से लगभग 2 लाख 50 हजार रूपए का फायदा हुआ है। खीरे की फसल की तोड़ाई का कार्य अभी भी जारी है। उन्होंने बताया कि यहां का खीरा उत्तरप्रदेश में प्रयागराज तथा ओड़िशा एवं कोलकाता तक जा रहा है। उन्होंने बताया कि धान के बदले सब्जी की खेती करने से अधिक लाभ हो रहा है। धान की फसल की तुलना में सब्जी की फसल में कम पानी की आवश्यकता होती है।

किसान सुरेश सिन्हा ने कहा कि सब्जी की खेती करने तथा शासन की योजनाओं से लाभ मिलने पर वे आर्थिक दृष्टिकोण से मजबूत बने हैं। सरकार द्वारा किसानों को सब्जी एवं अन्य फसलों की खेती के लिए प्रोत्साहन एवं सहायता राशि दी जा रही है।

किसाना सुरेश सिन्हा ने बताया कि विगत वर्ष उन्होंने 7 एकड़ में जुलाई से मार्च में टमाटर की बम्पर पैदावार होने पर उन्हें 3 लाख रूपए का फायदा हुआ था। इस वर्ष भी 7 एकड़ में टमाटर की फसल लेंगे। उन्होंने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत 7 एकड़ का बीमा भी कराया है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय बागवानी मिशन अंतर्गत संरक्षित खेती के तहत पॉली हाऊस में शिमला मिर्च की फसल ली थी। जिससे 3 लाख 50 हजार की आमदनी हुई थी। पॉली हाऊस के लिए उन्हें 17 लाख रूपए शासन की ओर से अनुदान मिला है। पॉली हाऊस की कुल लागत 34 लाख रूपए रही। इस वर्ष सिजेन्टा कम्पल की मायला वैरायटी के टमाटर की फसल लगाएंगे।

किसान सुरेश सिन्हा ने बताया कि उनके पास 15 एकड़ भूमि है। जिसमें 8 एकड़ में धान की खेती एवं 7 एकड़ में सब्जी की खेती कर रहे है। उन्होंने बताया कि सब्जी स्टोरेज के पैक हाऊस के लिए शासन द्वारा 2 लाख रूपए का अनुदान प्राप्त हुआ है। दवाई के छिड़काव के लिए स्ट्रिप मशीन के लिए सरकार से 50 प्रतिशत अनुदान प्राप्त हुआ हैं। उन्होंने बताया कि आर्थिक रूप से समृद्ध होने से उनके जीवन स्तर में परिवर्तन आया है। बच्चों की पढ़ाई-लिखाई के साथ ही उन्होंने अपनी बेटी की शादी भी कराई है।

# सेवानिवृत्त वित्त नियंत्रक तिलक शोरी का गृहग्राम में भव्य स्वागत



मोहला (दावा)। छत्तीसगढ़ राज्य वित्त सेवा के सर्वोच्च पद वित्त नियंत्रक, से सेवानिवृत्त होने के बाद श्री तिलक शोरी का उनके गृहग्राम अरजकुंड में ग्रामीणों और अंचल के लोगों ने भव्य और आत्मीय अभिनंदन किया। अपने लाडले सपूत के स्वागत में अरजकुंड गांव में एक विशाल जनसैलाब उमड़ पड़ा।

सेवानिवृत्ति के बाद श्री शोरी के गांव पहुंचने पर, प्रवेश द्वार से ही गाजे-बाजे के साथ उनका स्वागत किया गया और उन्हें सम्मानपूर्वक उनके निवास तक पहुंचाया गया। गांव में चारों तरफ खुशी का माहौल था। ग्रामीणों ने अपने घरों से बाहर निकलकर उनका आत्मीय अभिनंदन किया।

श्री तिलक शोरी 31 जुलाई 2025 को संचालनालय कोष लेखा एवं पेंशन विभाग नया रायपुर में वित्त नियंत्रक के पद से सेवानिवृत्त हुए हैं। उन्होंने 1988-89 में मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग के माध्यम से लेखाधिकारी के रूप में अपनी सेवा शुरू की थी। अपने सेवाकाल के दौरान उन्होंने मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में विभिन्न पदों पर काम किया। अधिकारी बनने से पहले उन्होंने एक शिक्षक के रूप में भी सेवाएं दी थीं। उनकी पहचान एक मेहनती, कुशल और अपने विषय के जानकार अधिकारी के साथ-साथ एक मिलनसार और संवेदनशील व्यक्ति के रूप में रही है।

वर्तमान में उनकी धर्मपत्नी श्रीमती सविता तिलक शोरी जिला पंचायत सदस्य के रूप में जनता की सेवा कर रही हैं। उनके परिवार में उनकी माता श्रीमती फुलकुंवर शोरी, दो बहने, तीन भाई और दो बेटियां कु. प्रिया और पल्लवी हैं। इस अवसर पर उनके मित्रों और शुभचिंतकों ने उन्हें सेवानिवृत्ति के बाद के जीवन के लिए हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी।

# किशोर भारती और कन्या भारती का गठन किया गया




डोंगरगढ़ (दावा)। सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोंगरगढ़ में किशोर भारती और कन्या भारती का गठन किया गया है विद्यालय के प्राचार्य प्रकाश यादव के संरक्षण में वरिष्ठ आचार्य सुरेश वैष्णव थैलेश साहू बोधन भारद्वाज श्रीमती त्रिवेणी मंडल के मार्गदर्शन पर विद्यालय के विभिन्न क्रियाकलापों को संचालित करने के लिए उक्त पदाधिकारी का चयन किया गया है।

अध्यक्ष साई कुमार साहू, उपाध्यक्ष अमन चौरसिया, सचिव प्रवीण वर्मा, सहायक प्रवीण कंवर, कोषाध्यक्ष मयंक निषाद, सहायक लक्ष्मीकांत सोनकर, रोमन सेनापति, ऋषभ वाल्दे, सहायक पूर्व ड़डसेना, शारीरिक प्रमुख ओमकार यादव, सहायक खिलेश साहू, योग प्रमुख मेघराज वर्मा, सहायक पराग वर्मा, स्वच्छता प्रमुख लक्की सिंहा, सहायक तुषार, वर्मा नागेश्वर साहू, सतीश सिंहा, घोष प्रमुख प्रतिक कोचे, दुर्गेश निर्मलकर, सहायक लक्ष्मण यादव, कृष्णा करसायल, ध्वनि प्रमुख ओम चंद्राकर, सहायक शुभम जंघेल, संगीत प्रमुख ईश्वर वर्मा, सहायक आशीष जमुलकर, क्रीडा प्रमुख ईश्वर वर्मा, सहायक आशीष जमुलकर, संस्कृति प्रमुख आकाश, सहायक गुलशन साहू, वाहन प्रमुख हरीश वर्मा, सहायक मेहुल वर्मा, जल प्रमुख अतुल चौरे, सहायक तुषार वर्मा, चिकित्सा प्रमुख वेदांश टेम्बुरकर, सहायक हिमांशु वर्मा, पत्रकारिता प्रमुख रुद्र प्रताप नेती, सहायक सागर मालेकर, खोया पाया प्रमुख शौर्य अंबादे, अनुशासन प्रमुख विशाल परिहर, सहायक टीकम वर्मा, कन्या भारती अध्यक्ष उषा उईके, उपाध्यक्ष खुशी वर्मा, सचिव वैदिक वैष्णव, सहायक विभा वर्मा, कोषाध्यक्ष ज्योति देवांगन, सहायक अलीना खान, उज्ज्वल वर्मा, संस्कृत प्रमुख यामिनी वर्मा, सौम्या साहू, सहायक प्रतिभा वर्मा, पूनम मंडावी, तानी साहू, शारीरिक प्रमुख काजल साहू, खुशी माली प्रेरणा सिंहा, वाहन प्रमुख नीलम मेश्राम, सहायक चंचल वर्मा, जल व्यवस्था प्रमुख खुशबू कोसरिया, सहायक दीक्षा सिंह ठाकुर, देविका सिंहा, गीतांजलि वर्मा, चिकित्सा प्रमुख झलक देवांगन, सहायक तृप्ति वर्मा, पत्रकारिता प्रमुख खुशबू साहू, सहायक हर्षिता तिवारी, खोया पाया प्रमुख कामिनी वर्मा, नंदनी रजक, देविका जंघेल, सहायक डाली कंदरा, वृंदा कोचे, पारुल पराते वंदना, प्रमुख राशि सिंहा, सोनाली चौरसिया, अनोखी श्रीवास्तव, घोष प्रमुख निकिता वर्मा, सुहानी चेलक, सहायक वंशिका समुद्रे, मनस्वी यादव, रेशम पटेल, अनुशासन प्रमुख मीनाक्षी श्रीवास्तव, प्रियंका गजभिए, सहायक याशिका भारद्वाज, यानी निर्मलकर, स्वच्छता प्रमुख खुशी मीणा, निशा भीवगड़े, सहायक साक्षी भारद्वाज, खुशबू दमाहे, इशिका चेलक, पूजन व्यवस्था, शिखा रानी, टंडन कौशल्या, वर्मा इशिका, मुनेश्वर काजल वर्मा, सहायक खुशी वर्मा, कल्पना आदि उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना पर कार्यशाला




0 विद्युत कंपनी के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अपने घरों में रूफटॉप सोलर प्लांट स्थापित कराने का लिया संकल्प
0 सौर ऊर्जा में योगदान देने कार्यशाला का आयोजन कर सौर संयंत्र स्थापना हेतु त्वरित पंजीयन

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी राजनांदगांव क्षेत्र के पारींनाला स्थित क्षेत्रीय प्रशासनिक भवन में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत कार्यशाला का आयोजन किया गया। विद्युत कर्मियों के लिए आयोजित इस कार्यशाला में भारतीय स्टेट बैंक के प्रतिनिधि एवं विभिन्न सौलर सयंत्र के संचालकों ने हिस्सा लेकर इस योजना के बारें में विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर लगभग 18 अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने मौके पर प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से सौर सयंत्रों के लिए आनलाइन आवेदन कर अपना पंजीयन कराया। इस कार्यशाला को संबोधित करते हुए राजनांदगांव क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक शिरीष सेलट ने कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार की यह योजना उपभोक्ताओं को हॉफ बिजली बिल से मुफ्त बिजली की ओर ले जाने वाली स्कीम है। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना में घर-घर रूफटॉप सोलर पॉवर प्लांट स्थापित कर लोगों को प्रदूषण मुक्त, मुफ्त और निरंतर बिजली देने की परिकल्पना की गई है। इसके माध्यम से प्रत्येक उपभोक्ता को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाकर उनके मासिक खर्चों में भी उल्लेखनीय कमी लाने का लक्ष्य रखा गया है। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत पात्रता रखने वाले सभी नागरिक जिनके पास वैध बिजली कनेक्शन और उपयुक्त छत है। वे इस योजना में आवेदन कर सकते हैं। इससे न सिर्फ बिजली बिलों का झंझट समाप्त होगा, बल्कि यदि आवश्यकता से अधिक बिजली का उत्पादन होता है, तो उसे ग्रिड को बेचकर अतिरिक्त आमदनी भी ली जा सकती है। केंद्र एवं राज्य सरकार की ओर से डबल सब्सिडी सयंत्र लगने के 1 महीने के भीतर सीधे बैंक खाते में प्राप्त हो जाता है। एक बार सौर पैनल की स्थापना के बाद 20-25 वर्षों तक मुफ्त बिजली मिल सकेगी।

इस कार्यशाला में सौर सयंत्र के संचालकों ने बताया कि रूफटॉप सोलर प्लांट स्थापित करने पर केंद्र और राज्य सरकारों से अधिकतम 1,08,000/- तक की सब्सिडी दी जा रही है। इस योजना के तहत 1 किलोवाट क्षमता के सोलर प्लांट से प्रतिमाह औसतन 120 यूनिट बिजली उत्पादन होता है। जिस पर 30,000 केंद्र से व 15,000 राज्य से, कुल 45,000 की वित्तीय सहायता दी जाती है। उपभोक्ता को लगभग 15,000 स्वयं वहन करने होते हैं। और यह प्लांट प्रति माह 120 यूनिट के हिसाब से लगभग 600 रुपये की बिजली उत्पन्न करती है। जिससे उपभोक्ता अपने घर में लगने वाले सोलर प्लांट का पूरा खर्चा 2 से 3 वर्ष में ही निकाल सकते हैं। इसी प्रकार 2 किलोवाट प्लांट के लिए प्रतिमाह औसतन 240 यूनिट उत्पादन संभव है, जिस पर 90,000 तक कुल सब्सिडी (60,000 केंद्र 30,000 राज्य) मिलती है। उपभोक्ता को केवल 30,000 खर्च करना होता है। और यह प्लांट प्रति माह 240 यूनिट के हिसाब से लगभग 1300 रूपये की बिजली उत्पन्न करती है जिससे उपभोक्ता अपने घर में लगने वाले सौलर प्लांट का पूरा खर्चा 2 से 3 वर्ष में ही निकाल सकते हैं। 03 किलोवॉट क्षमता के प्लांट से प्रतिमाह औसतन 360 यूनिट उत्पादन संभव है, और इसमें 78,000 केंद्र . 30,000 राज्य यानी कुल 1,08,000 की सहायता मिलती है। उपभोक्ता को केवल 72,000 रूपए वहन करना पड़ता है और यह प्लांट प्रति माह 360 यूनिट के हिसाब से लगभग 3100 रूपये की बिजली उत्पन्न करती है। जिससे उपभोक्ता अपने घर में लगने वाले सौलर प्लांट का पूरा खर्चा 2 से 3 वर्श में ही निकाल सकते हैं। भारतीय स्टेट बैंक के शाखा प्रबंधक श्री जगवेन्द्र कामता ने बताया इस स्कीम के अंतर्गत उपभोक्ता सोलर प्लांट का केवल 10 प्रतिशत डाउन पेमेंट देकर 6 प्रतिशत ब्याज दर से 90 प्रतिशत लागत राशि को अधिकतम 10 वर्ष के लिए फाइनेंस कर सकते है। केंद्र और राज्य शासन की सब्सिडी राशि खाता में आते अन्तर की राशि को फाइनेंस किया जा सकेगा। भारतीय स्टेट बैंक के प्रतिनिधि एवं सभी सोलर सयंत्र के संचालकों ने उपस्थित विद्युत कर्मियों के इस स्कीम के सभी पहलुओं से रूबरू कराते हुए सभी सवालों के जवाब भी दिए। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य अभियंता मंगल तिर्की, अधीक्षण अभियंता शंकेश्वर कंवर, के.सी. खोटे कार्यपालन अभियंता मुकेश साहू, बीरबल उइके, सुश्री गीता ठाकुर, रविकांत शर्मा, आलोक दुबे सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित हुए।


## सरपंच संघ ने गजमाला से विधानसभा अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह का किया स्वागत



राजनांदगांव (दावा)। 6 अगस्त को छग विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह राजनांदगाव के दौरे में थे। इसी कड़ी मे स्पीकर सदन राजनांदगाव में ब्लॉक नवनिर्वाचित सरपंच संघ के पदाधिकारियों ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से भेंट मुलाकात कर आशीर्वाद प्राप्त किया। राजनांदगाव प्रथम बार सरपंच संघ क अध्यक्ष जितेंद्र साहू के प्रतिनिधित्व में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से मुलाकत कर गज माला के साथ स्वागत कर आशीर्वाद किया।

डॉ. रमन सिंह ने सभी सरपंचों को ग्राम पंचायत के प्रति निःस्वार्थ रूप से काम करने के लिए शुभकामनाएं दिए। अध्यक्ष जितेंद्र साहू के साथ ब्लॉक के सरपंचो के साथ मुलाकात कर अपने ग्राम के समस्याए एवं विकास हेतु मांग पत्र भी दिया। जिसमें जितेन्द्र साहू (अध्यक्ष), डिल्लूराम साहू (उपाध्यक्ष), मलिमखम कोसरे (कोषाध्यक्ष), मुकेश साहू (संरक्षक), हिपेंद्र साहू (संरक्षक), अभिषेक पाटिला (मिडिया प्रभारी) रामकिसुन साहू, हीना घनश्याम साहू, बिसंतीन, कोमल टंडन, गोविन्द वर्मा, नेताम, जीवन साहू, चित्ररेखा ठाकुर, नीलिमा शिवा साहू, रमाकांत, मनीष देव साहू एवं अन्य सरपंच साथीगण उपस्थिति रहे।

## शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत मंडल एवं सेक्टर अध्यक्ष नियुक्त


पिपरिया मंडल अध्यक्ष नित्यशरण सिंह, गोलबाजार मंडल अध्यक्ष अरशद हुसैन और दाऊचौरा मंडल अध्यक्ष राजा सोलंकी चुने गए

खैरागढ़ (दावा)। राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दिपक बैज एंव जिला अध्यक्ष गजेन्द्र ठाकरे के निर्देशन में संगठन श्रृजन कार्रक्रम प्रभारी विजय वर्मा, क्षेत्रीय विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा और शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भिखम चंद छाजेड़ के द्वारा कांग्रेस संगठन को मजबूती प्रदान करने संगठन श्रृजन कार्रक्रम के तहत् शहर के 20 वार्ड को 03 मंडल और 06 सेक्टर में बांटा गया। जिसमें पहला पिपरिया मंडल में 06 वार्ड 19,20,1,2,3, और 4 वार्ड मिलाकर एक मंडल और दो सेक्टर बनाया गया।

वहीं दूसरा गोलबाजार मंडल में 07 वार्ड मिलाकर 5,6,7,8,9,10 और 11 वार्ड को मिलाकर एक मंडल और दो सेक्टर बनाया गया।।तिसरा दाऊचौरा मंडल में भी 07 वार्ड 12,13,14,15,16,17 और 18 वार्ड को मिलाकर एक मंडल और दो सेक्टर बनाया गया। संगठन श्रृजन कार्रक्रम के प्रभारी विजय वर्मा एवं शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भिखम चंद छाजेड़ की उपस्थिति में वार्ड के कांग्रेस के निष्ठावान कार्यकर्ताओ की बैठक रखकर उनकी सहमति से मंडल अध्यक्ष एवं सेक्टर अध्यक्ष नियुक्त किया गया। जिसमें पहला पिपरिया मंडल अध्यक्ष नित्य शरण सिंह, उनके साथ दो सेक्टर अध्यक्ष अल्ताफ खान और अमित सिंह, दूसरा गोलबाजार मंडल अध्यक्ष अरशद हुसैन, उनके साथ दो सेक्टर अध्यक्ष दयाराम पटेल और विनोद यादव, तिसरा दाऊचौरा मंडल अध्यक्ष राजा सोलंकी उनके साथ दो सेक्टर अध्यक्ष पुरुषोत्तम वर्मा और शिवम यादव को सर्वसम्मति से चुना गया। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष रज्जाक खान, सुनील कांत पांडे, शताक्षी देवव्रत सिंह, राजा आर्यव्रत सिंह, मराखन देवांगन, नासीर मेमन, सुरेन्द्र सिंह सोलंकी, राजेश लूनिया, जितेंद्र सिंह गौर, दिपक देवांगन, शहर महिला कांग्रेस अध्यक्ष अनुभा चंद्राकर, सुमन पटेल, आरती यादव, राधे पटेल, पूरन सारथी, सुबोधकांत पांडे,भरत चन्द्राकर, दिलीप लहरें, मनोहर सेन, नदीम मेमन यतेंद्र जीत सिंह, दयाराम पटेल, सूर्यकांत यादव,किशन रजक, समीर कुरैशी, मनोज बैद, रतन सिंघी, केशव सारथी, गोपी रजक, रत्नेश सारथी, गिरिश सारथी, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी उपस्थित रहे।

## 'पालक-शिक्षक' बैठक का आयोजन शास.हायर सेकेंडरी विद्यालय तिलईरवार में



राजनांदगांव (दावा)। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तिलईरवार में आज 6 अगस्त को पालक शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सरपंच, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के सदस्यगण, पालकगण, स्टाफ सदस्यों की उपस्थिति एवं सहभागिता रही। इस कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की तैल चित्र पर पूजा अर्चना कर आरंभ की गई। कार्यक्रम के प्रभारी शिक्षक थंगेश्वर कुमार साहू व्याख्याता द्वारा शासन के निर्देशानुसार पालक शिक्षक बैठक की प्राथमिक उद्देश्यों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दिया गया।

साथ ही बच्चों की अकादमिक प्रगति एवं परीक्षा पर चर्चा, उल्लास साक्षरता कार्यक्रम की जानकारी एक पेड़ मां के नाम पर वृक्षारोपण की जानकारी, विद्यार्थियों में अनुशासन, पुस्तकालय की उपलब्धता के बारे में एवं विभिन्न डिजिटल प्लेटफॉर्म के बारे में आदि बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक जानकारी दिया गया। तत्पश्चात नोहर दास लिलहारे व्याख्याता के द्वारा मेरा कोना, छात्र दिनचर्या, बच्चें ने आज क्या सीखा आदि विषयों पर विस्तार पूर्वक जानकारी दिए। इसी कड़ी में पालक राम वर्मा व्याख्याता के द्वारा बच्चा बोलेगा बेझिझक, विद्यार्थियों की आय जाति निवास प्रमाण पत्र की जानकारी, विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं पोषण की जानकारी के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दिए।

तत्पश्चात सुश्री रीचा चंद्राकर मैडम के द्वारा विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के बारे में एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। इसके बाद प्राचार्य महोदय अशीम कुमार यदु के द्वारा सभी पालकों को संबोधित करते हुए बताया गया कि बच्चों के शारीरिक मानसिक एवं सर्वांगीण विकास के लिए पालक और शिक्षक के बीच बेहतर समन्वय स्थापित होना चाहिए साथ ही बच्चों की संपूर्ण गतिविधियों से पालक एवं शिक्षक दोनों ही अवगत होकर बच्चों को प्रेरित करें और शिक्षक पालक मिलकर बच्चों में पढ़ाई के प्रति सकारात्मक माहौल बनाए जिससे कि परीक्षा के समय बच्चें तनाव में ना रहे। इसी कड़ी में पालक लोगों के द्वारा भी कई सुझाव रखा गया, बातें बताई गई।

इस कार्यक्रम में अशीम कुमार यदु, थंगेश्वर कुमार साहू, श्रीमती अनुराधा ढोक, श्रीमती सरोज भुआर्य, श्रीमती रेखा मुरकुटे, जानकी वल्लभ तंबोली, राजेश कुमार नेताम, जितेंद्र कुमार कश्यप, नोहर दास लिलहारे, पालक राम वर्मा, आशीष मसीह, सुश्री रीचा चंद्राकर, सुश्री हेमीन ठाकुर, पालक गणों में श्रीमती नंदीका कुंजाम सरपंच, भोलाराम गायकवाड पंच, राजकुमार साहू उप सरपंच, सुखचैन बंजारे, नेहरू राम टंडन, थानूराम, टीकम राम यादव, दुधराम, पुनेश्वर साहू, भूपेंद्र, सीएसबी कुंजाम, श्रीमती नंदेश्वरी, श्रीमती पुनीता बाई आदि की उपस्थिति एवं सहभागिता रही। कार्यक्रम का संचालन थंगेश्वर कुमार साहू व्याख्याता के द्वारा किया गया एवं आभार प्रदर्शन नोहर दास लिलहारे व्याख्याता के द्वारा किया गया।

## सावन मास के अंतिम सोमवार को निकली भव्य कांवड़ यात्रा



खैरागढ़ (दावा)। सावन माह पावन बेला में अंतिम सोमवार को संगीत नगरी खैरागढ़ में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। खैरागढ़ (मुस्का) के प्रसिद्ध नर्मदा मंदिर से भव्य कांवड़ यात्रा निकाली गई। जिसमें तेज धूप और उमस भी श्रद्धालुओं के जोश को कम नहीं कर सकी।

हर-हर महादेव और बोल बम के जयघोष के साथ जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, भाजपा नेता घम्मन साहू, जिला भाजपा अध्यक्ष बिशेसर साहू, जनपद अध्यक्ष डॉ.राजेश त्रिपाठी, प्रतिनिधि डॉ.शैलेंद्र त्रिपाठी, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती गिरजानंद चंद्राकर, जिला पंचायत सभापति द्वय दिनेश वर्मा, श्रीमती अरुणा राजू सिंह बनाफर, प्रतिनिधि पुष्पराज सिंह मोना, पांडादाह मंडल भाजपा अध्यक्ष गोरेलाल वर्मा, जिला युवा मोर्चा अध्यक्ष आयश सिंह बोनी, जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती नीलिमा महेश गोस्वामी, भाजपा नेतागण प्रकाश सिंह, निमेष सिंह मिंटू, सरपंच कुमेश वर्मा, तेजराम साहू, सत्येंद्र साहू, मनजीत सिंह, हर्षवर्धन वर्मा, नरोत्तम सिन्हा, खेमलाल सिन्हा, रघुनाथ वर्मा, टामिन सिन्हा, घनश्याम वर्मा, श्याम सुंदर साहू, चुड़वान सिंह राजपूत, सुमन वर्मा सहित सैकड़ों शिवभक्तों ने कांवड़ उठाकर गंगाधर कांवड़ यात्रा में हिस्सा लिया। यात्रा नर्मदा कुंड ग्राम मुस्का से शुरू होकर खांडेश्वर महादेव मंदिर कोडेनवागांव तक पहुंची। रास्ते भर भक्ति का रंग देखते ही बन रहा था। जगह-जगह श्रद्धालुओं का स्वागत फूलों से किया गया।

महिलाएं बच्चे और बुजुर्ग भी बड़ी संख्या में शामिल हुए। आयोजक समिति स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने पेयजल, प्राथमिक चिकित्सा की समुचित व्यवस्था की। समापन पूजा-अर्चना और प्रसाद वितरण के साथ हुआ।

## जड़ी बूटी दिवस के रूप में मनाया गया आचार्य बालकृष्ण का जन्मदिन




डोंगरगढ़ (दावा)। पतंजलि योग वृक्ष, डोंगरगढ़ के पदाधिकारियों द्वारा आधुनिक युग के धनवंतरी आचार्य बालकृष्ण का जन्मदिन जड़ी बूटी दिवस के रूप में कालकापारा डोंगरगढ़ में बड़ी धूमधाम से मनाया गया। जड़ी बूटी पौधों का रोपण कर योग शिक्षिका श्रीमती रूपा टेंभूरकर व लीना साहू ने बताया कि पतंजलि योग वृक्ष ग्रुप की महिलाओं के द्वारा श्रद्धेय बालकृष्ण के जन्मोत्सव पर जड़ी-बूटी, पेड़-पौधे के बारे में एक दूसरे को जानकारी देते हुए उन पौधों का स्कूल गार्डन घर आंगन में रोपण के साथ ही साथ उन पौधों के संरक्षण व देखभाल की जिम्मेदारी भी ली।

इस कार्यक्रम में शामिल संगीता ने तुलसी, राखी ने पुदीना, भारती ने एलोवेरा, सुषमा ने धनिया, मीना ने करी पत्ता, सतिका द्वारा मूंगना, प्रेरणा द्वारा पपीता, इंदु द्वारा पत्थरचट्टा, आशा द्वारा जामुन, प्रणिता द्वारा सदा सुहागन, कल्पना द्वारा नीम के पौधे के फायदे व उनका उपयोग बताते हुए ग्रुप की महिलाएं बाल कृष्ण जी के जन्मदिन को धूमधाम से मनाया गया। लिना साहू प्रभारी पतंजलि पतंजलि वृक्ष समिति द्वारा स्वागत उद्बोधन दिया गया। रूपा टेंभुरकर द्वारा जड़ी बूटियां पर महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। कार्यक्रम में आए हुए सभी आमंत्रित अतिथियों ने जड़ी बूटी दिवस की महत्ता पर श्रोताओं को जागरूक किया एवं आचार्य बालकृष्ण के द्वारा आयुर्वेद के क्षेत्र में उनके दिए गए योगदान को सराहा।

उपस्थित सभी श्रोताओं से यह पुरजोर अपील की गई कि वह औषधि युक्त पेड़ पौधों का संरक्षण करें और उनके बारे में जाने तथा ज्यादा से ज्यादा आयुर्वेद को अपनाए।

## एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत वार्ड नंबर 10 में रोपे गए अनेक पौधे



पौधे का रोपण कर माताओं के प्रति श्रद्धा और प्रकृति के प्रति ज़िम्मेदारी का निर्वहन किया जा सकता हैं - रमन

डोंगरगढ़(दावा)। वार्ड क्रमांक 10 की महिलाओं द्वारा केसरी नंदन लॉन में आयोजित सावन महोत्सव में नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे की उपस्थिति और उनकी विशेष पहल ने कार्यक्रम को नई ऊँचाइयों तक पहुँचा दिया।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई, जिसके बाद विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ, पारंपरिक नृत्य, सावन क्वीन प्रतियोगिता और मेहंदी जैसे आयोजन हुए। नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे ने 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण किया। इस पुनीत अवसर पर कालकापारा महिला सावन क्वीन चयन, झूला गीत, भक्ति भजन और पारंपरिक खेलों में महिलाओं व बालिकाओं की भागीदारी ने वातावरण को उल्लासमय बना दिया। श्री डोंगरे ने कहा माँ केवल जन्म नहीं देती, संस्कार भी देती है। इस पौधे के माध्यम से हम अपनी माताओं के प्रति श्रद्धा और प्रकृति के प्रति ज़िम्मेदारी दोनों व्यक्त कर सकते हैं। उनकी इस पहल को उपस्थित महिलाओं व जनप्रतिनिधियों ने करतल ध्वनि से सराहा।

## प्रथम पृष्ठ पेज का शेष

**पूरे देश में वोटों की चोरी हो रही है और....**

और भाजपा ने मिलकर लोकसभा चुनाव छीनने के लिए सांठगांठ की हैं. राहुल गांधी ने शिरकत करते हुए फिर से चुनाव आयोग से तीखे सवाल पूछे हैं. वोट अधिकार रैली में कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि हमने भारत के संविधान की रक्षा की है. बाबा साहेब अंबेडकर जी, महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरू और सरदार पटेल की आवाज भारत के संविधान में गूंजती है. बसवना, नारायण गुरु और फुले जी की आवाज भी इसमें गूंजती है. राहुल गांधी ने आगे कहा कि हमारे भारत का संविधान हर व्यक्ति को वोट देने का अधिकार देता है. महाराष्ट्र में, INDIA गठबंधन लोकसभा चुनाव जीतता है, लेकिन 4 महीने बाद बीजेपी राज्य में विधानसभा चुनाव जीत जाती है. यह चौंकाने वाला था. हमने पाया कि महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव में एक करोड़ नए मतदाताओं ने मतदान किया. बीजेपी की विचारधारा भारत के संविधान के खिलाफ है, कांग्रेस का हर नेता और कार्यकर्ता इसकी रक्षा करेगा. भारत के चुनाव आयोग को हमें पिछले 10 वर्षों की मतदाता सूचियां और वीडियो रिकॉर्डिंग तुरंत देनी चाहिए. कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी शुक्रवार को बेंगलुरु के फ्रीडम पार्क में पार्टी की 'वोट अधिकार रैली में भाग ले रहे हैं. जिसका आयोजन कथित 'वोट चोरी के विरोध में किया जा रहा है. रैली का शीर्षक ''हमारा वोट, हमारा अधिकार, हमारा संघर्ष है. इस रैली के लिए सुबह से ही फ्रीडम पार्क में भी जुटने लगी थी. कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरमैया, कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी (केपीसीसी) के अध्यक्ष और उपमुख्यमंत्री डी. के. शिवकुमार, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के महासचिव के. सी. वेणुगोपाल समेत तमाम नेता और पार्टी कार्यकर्ता इस रैली में पहुंचे हैं.

**कैलाश विजयवर्गीय का राहुल गांधी पर....**

गांधी पर जमकर निशाना साधा है. राहुल गांधी द्वारा लगातार इलेक्शन कमीशन पर उठाए जा रहे सवालों ओर चुनाव में धांधली के आरोप पर सवाल पर कैलाश विजयवर्गीय ने पलटवार करते हुए कहा, राहुल गांधी के मानसिक संतुलन की जांच कराना चाहिए, क्योंकि सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि आप सच्चे भारतीय है कि नहीं यह बहुत बड़ी बात है बड़ा कमेंट है. विजयवर्गीय ने आगे कहा, जिस प्रकार संवैधानिक संस्थाओं पर राहुल गांधी आरोप लगा रहे हैं, वह डेमोक्रेसी को कमजोर करने की कोशिश कर रहे है, इलेक्शन कमीशन का यह रूटीन प्रोग्राम है कि काउंटिंग वोटिंग कि लिस्ट का परीक्षण करे. उनका आरोप लगाना में समझता हूं के प्रजातंत्र का माखौल उड़ाना है. यह प्रजातंत्र की जड़े हिलाना चाहते हैं. यह नहीं चाहते कि देश में प्रजातंत्र हो संवैधानिक संस्थाओं पर आरोप लगाकर उन्हें बदनाम करना चाहते हैं.

**शपथ पत्र पर हस्ताक्षर करें या फिर....**

धोखाधड़ी के राहुल के आरोपों के संबंध में वहां के राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने विपक्ष के नेता से एक शपथ पत्र प्रस्तुत करने और मतदाता सूची में कथित रूप से मतदाताओं के नाम शामिल करने या हटाने के प्रमाण प्रदान करने को भी कहा था। इससे पहले बीते दिन दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय में प्रेस वार्ता के दौरान विपक्ष के नेता ने आरोप लगाया था कि भारत के चुनाव आयोग और भाजपा के बीच मिलीभगत हुई थी, जिसके परिणामस्वरूप प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना तीसरा कार्यकाल मिला। राहुल गांधी ने कहा, नरेंद्र मोदी सिर्फ 25 सीटों के अंतर से प्रधानमंत्री बने। चुनाव आयोग भाजपा को भारत में चुनावी व्यवस्था को नष्ट करने में मदद कर रहा है। चुनाव आयोग हमें महादेवपुर (कर्नाटक विधानसभा क्षेत्र) में आंकड़े नहीं दे रहा है। अगर हम अन्य लोकसभा सीटों पर भी ऐसा करें, तो हमारे लोकतंत्र की सच्चाई सामने आ जाएगी।

**पीएम नरेन्द्र मोदी ने की रूस के....**

सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल मॉस्को के दौरे पर हैं। उन्होंने गुरुवार को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की थी। उन्होंने रूस के साथ सभी मोर्चों पर सहयोग जारी रखने की भारत की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से राष्ट्रपति पुतिन को इस वर्ष के अंत में भारत आने का निमंत्रण दिया था, जिसे पुतिन ने स्वीकार कर लिया। इससे पहले गुरुवार को पीएम नरेंद्र मोदी को ब्राजील के राष्ट्रपति लुईज इनासियो लूला दा सिल्वा का फोन आया था। कॉल के दौरान प्रधानमंत्री ने पिछले महीने अपनी ब्राजील यात्रा का जिक्र किया था। तब दोनों नेताओं ने व्यापार, प्रौद्योगिकी, ऊर्जा, रक्षा, कृषि, स्वास्थ्य और लोगों के बीच संबंधों में सहयोग को मजबूत करने की रूपरेखा पर सहमति जताई थी। इन चर्चाओं के आधार पर उन्होंने भारत-ब्राजील रणनीतिक साझेदारी को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। दोनों नेताओं ने आपसी हित के विभिन्न क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। दोनों नेताओं ने संपर्क में बने रहने पर सहमति जताई।

**मुख्यमंत्री श्री साय ने रक्षाबंधन पर....**

की भावना को भी उजागर करता है। मुख्यमंत्री श्री साय ने प्रदेशवासियों से आग्रह किया कि वे इस अवसर पर समाज में सौहार्द, भाईचारा और महिला सम्मान को और अधिक सशक्त बनाने के लिए संकल्प लें। मुख्यमंत्री श्री साय ने विशेष रूप से प्रदेश की बेटियों, बहनों और मातृशक्ति को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राज्य सरकार महिला सशक्तिकरण, सुरक्षा और सम्मान के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह पावन पर्व सभी नागरिकों के जीवन में प्रेम, उमंग और एक नई ऊर्जा का संचार करेगा।

**केंद्र सरकार ने लोकसभा से वापस....**

संस्करणों के कारण भ्रम से बचने तथा सभी परिवर्तनों को शामिल करते हुए एक स्पष्ट और नया संस्करण उपलब्ध कराने के लिए आयकर विधेयक का नया संस्करण सोमवार को सदन में विचार के लिए पेश किया जाएगा। विधेयक की जांच कर रही 31 सदस्यों वाली संसदीय समिति ने अपने सुझाव में कहा है कि गैर-लाभकारी संगठनों (एनपीओ), विशेष रूप से धर्मार्थ और परमार्थ उद्देश्यों वाले संगठनों के लिए गुमनाम दान पर कर लगाने के संबंध में अस्पष्टता को दूर किया जाना चाहिए। समिति ने गैर-लाभकारी संस्थाओं (एनपीओ) की 'प्राप्तियों' पर कर लगाने का विरोध किया, क्योंकि यह आयकर अधिनियम के तहत वास्तविक आय कराधान के सिद्धांत का उल्लंघन है। सुझावों में 'आय' शब्द को फिर से लागू करने की सिफारिश की गई है, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि केवल एनपीओ की शुद्ध आय पर ही कर लगाया जाए। पंजीकृत एनपीओ को मिलने वाले 'गुमनाम दान के संबंध में महत्वपूर्ण अंतर' है, इसे देखते हुए समिति ने सुझाव दिया कि धार्मिक और परमार्थ न्यास (ट्रस्ट), दोनों को ऐसे दान पर छूट दी जानी चाहिए।

**अनवर से मिलने गए बेटे शोएब ढेबर....**

जबकि जेल नियमावली के अनुसार अधिवक्ता द्वारा आवेदन देने पर अभिरक्षा में रखे गए आरोपी से मुलाकात कराई जाती है। इसी तरह उसके परिजनों को सप्ताह में एक बार मुलाकात की अनुमति है। लेकिन, शोएब ने अधिवक्ता मुलाकात के समय संबंधित अधिकारियों द्वारा मना किए जाने के बावजूद जबरन प्रवेश किया। जिससे जेल के सुरक्षा और संचालन व्यवस्था में अवरोध उत्पन्न हुआ। इस मामले की उप जेल अधीक्षक एमएन प्रधान ने जांच कर रिपोर्ट के आधार पर प्रतिबंध लगाया गया है। बताया जाता है कि अनवर ढेबर से मुलाकात करने के लिए उनके अधिवक्ता जेल में गए थे।

**1962 के युद्ध को लेकर केंद्र का....**

कीर्तिवर्धन सिंह ने बताया कि 1989 से 2005 के बीच बैठक के कुल 15 राउंड हुए। उन्होंने बताया कि तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 22-27 जून 2003 की चीन की यात्रा के दौरान दोनों पक्षों ने समग्र द्विपक्षीय संबंधों के राजनीतिक परिप्रेक्ष्य से सीमा समझौते की रूपरेखा का पता लगाने के लिए विशेष प्रतिनिधियों की नियुक्ति की घोषणा की थी। इसके बाद दोनों पक्षों ने 11 अप्रैल 2005 को भारत-चीन सीमा प्रश्न के समाधान के लिए राजनीतिक मापदंडों और मार्गदर्शक सिद्धांतों पर समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। विदेश राज्य मंत्री ने बताया कि 2012 तक विशेष प्रतिनिधि वार्ता के 10 और दौर आयोजित किए गए। इसके अंत में दोनों पक्षों ने दिसंबर 2012 में सीमा प्रश्न के निपटारे की रूपरेखा पर भारत और चीन के विशेष प्रतिनिधियों के बीच चर्चा की आम समझ में आम सहमति के और तत्वों की पहचान की।

**शिक्षा, नवाचार, कौशल विकास का......**

प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि, हम सभी यह संकल्प लें कि छत्तीसगढ़ को संसाधन-आधारित नहीं, बल्कि नवाचार-आधारित अर्थव्यवस्था का नेतृत्व करने वाला राज्य बनाएंगे। जहाँ युवा बदलाव के वाहक बनें और उद्यमिता से समाज को दिशा दें। मोतीलाल ओसवाल फाउंडेशन के सह-संस्थापक एवं चेयरमैन रामदेव अग्रवाल ने कार्यक्रम में रायपुर में किसानों हेतु देश का सबसे बड़ा प्रशिक्षण केंद्र स्थापित करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि, छत्तीसगढ़ एक अत्यंत समृद्ध प्रदेश है, जिसमें विकास की अपार संभावनाएं हैं। उनका फाउंडेशन इस विकास यात्रा में पूर्णतः समर्पित है। श्री अग्रवाल ने बताया कि, फाउंडेशन ने अपनी कुल निधि का 10 प्रतिशत समाज कल्याण के लिए समर्पित करने का निर्णय लिया है, जिसका उपयोग शिक्षा, कौशल और कृषि से संबंधित कार्यों में किया जाएगा। मोतीलाल ओसवाल फाउंडेशन ने आईआईएम रायपुर एवं एनआईटी रायपुर को कुल 172 करोड़ रुपये का दान देने की घोषणा की है। इसमें से 101 करोड़ रुपये आईआईएम रायपुर को तथा 71 करोड़ रुपये एनआईटी रायपुर को प्रदान किए जाएंगे। इस दानराशि से आईआईएम रायपुर में ओसवाल छात्रावास के 202 कमरे और दाऊ राम गोपाल अग्रवाल नॉलेज सेंटर की स्थापना की जाएगी। इसके अतिरिक्त अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी की शीर्ष संस्थाओं के सहयोग से छह अंतरराष्ट्रीय एमबीए कार्यक्रम प्रारंभ किए जाएंगे।

# वाहन में तोड़फोड़, मारपीट और वसूली के आरोप में तीन गिरफ्तार

राजनांदगांव (दावा)। बसंतपुर पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र में प्रार्थी के वाहन को तोड़फोड़ कर तथा उसके साथ गाली-गुफ्तार करते हुए मारपीट कर उससे पैसों की मांग करने वाले आरोपियों को धर दबोचा है। बताया जाता है कि उन आरोपियों ने विधि के विरूद्ध संघर्षरत् बालक के साथ उक्त घटना को अंजाम दिया है। पुलिस ने आरोपी हर्ष कुमार साहू के कब्जे से घटना में प्रयुक्त चाकू बरामद किया है।आरोपी एवं विधि के विरूद्ध संघर्षरत् बालक को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा के समक्ष पेश किया गया।

घटना के संबंध में बसंतपुर थाना प्रभारी एमन साहू ने बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देश व मार्गदर्शन में बसंतपुर थाना क्षेत्र में अपराधों पर अंकुश लगाने हेतु लगातार विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। गुरुवार 7 अगस्त की शाम 5 बजे प्रार्थी द्वारा वह अपने महिन्द्रा जितो वाहन क्रमांक सीजी 08एयू 8147 से जालबांधा से लावा मिर्ची भरकर राजनांदगांव मंडी लगभग 6:30 बजे सब्जी मंडी राजनांदगांव गेट के पास पहुँचा था, तो गेट के सामने विधि के विरूद्ध संघर्षरत् बालक एवं उसके अन्य तीन साथी गंज मंडी के गेट के पास



खडे थे। तब यह अपने वाहन का हार्न बजाया तो तुषार एवं उसके तीनो साथी लोग इसके वाहन के पास आकर इसके वाहन के सामने के कांच को हाथ मुक्का से मारने लगा। जिससे इसकी गाडी का कांच टूट गया। उसके बाद यह गाडी को बंद कर दिया तो चारो लोग इसके सामने आकर इसे पैसे की मांग करने लगे तथा नही देने पर अपने पास रखे लोहे के धारदार चाकू को निकालकर इसके उपर टिकाकर व लहराते हुए डराने-धमकाने लगे व सभी एक राय होकर इसे अश्लील गाली गुप्तार कर हाथ मुक्का से मारपीट कर विधि के विरूद्ध संघर्षरत आरोपी ने इसके दाहिने हाथ की कलाई को अपने दांतो से काट दिया।

### सभी आरोपी हैं संजय नगर लखोली के निवासी

आरोपियों की पतसाजी हेतु पृथक टीम गठित कर आरोपीगणो की सरगर्मी से पता तलाश की जा रही थी। इस पर आरोपी हर्ष कुमार साहू पिता स्व. रामचंद साहू उम्र 25 साल. राहुल कंवर पिता स्व. रामकुमार कंवर उम्र 19 साल, सावंत यादव पिता सुभाष यादव उम्र 20 साल व विधि के विरूद्ध संघर्षरत् बालक सभी निवासी लखोली संजय नगर को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया जो जुर्म करना स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपी हर्ष यादव के कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक नग लोहे का धारदार चाकू जप्त कर आरोपीगण एवं विधि के विरूद्ध संघर्षरत् बालक को विधिवत् गिरफ्तार कर न्यायालय एवं किशोर न्याय बोड के समक्ष पेश किया गया।

















स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com